# नेशनल प्रेस टाइम्स




नई दिल्ली, मंगलवार
04 मार्च 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 04 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## प्रदेश से गुजरने वाले एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ बनेंगे अस्पताल, हाईवे पास नहीं होंगी शराब की दुकानें



लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि प्रदेश से गुजरने वाले सभी एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तर्ज पर अस्पताल खोले जाएं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि सभी एक्सप्रेस वे पर दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह ही अस्पताल की व्यवस्था की जाए। ताकि सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल लोगों को उपचार मिल सके। मंडलीय अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस की व्यवस्था मुकम्मल की जाए। एक्सप्रेस-वे एवं हाइवे के किनारे शराब की दुकानें बिल्कुल न हो। शराब की दुकानों के साइनेज को छोटा करने का निर्देश दिया। वह रविवार को सरकारी आवास पर राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा के लिए किए गए प्रावधानों के बारे में जानकारी ली। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2024 में 46,052 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं।

शेष पेज 2 पर

## यूपी के 5 शहरों को अमूर्त विरासत व रचनात्मक शहरों के तौर पर यूनेस्को की मान्यता दिलाएगी योगी सरकार

लखनऊ । कन्नौज के इत्र, ब्रज की होली, वाराणसी की गंगा आरती, फिरोजाबाद के कांच और आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी को मान्यता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए कोशिशें शुरू हो गई हैं। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और इसे वैश्विक पटल पर मान्यता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश के 5 शहरों व बुंदेलखंड की लोककला के संरक्षण की दिशा में बड़ा प्रयास करने जा रही है। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने कन्नौज के इत्र, ब्रज की होली, वाराणसी की गंगा आरती, फिरोजाबाद की कांच कला, आजमगढ़ के निजामाबाद की ब्लैक पॉटरी तथा बुंदेलखंड की लोककला व लोक साहित्य को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत तथा रचनात्मक शहरों की सूची में उल्लेखित कराने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस क्रम में विशिष्ट टीम का गठन किया जाएगा जिसके जरिए इस प्रक्रिया की पूर्ति की जाएगी। इसके पहले कुम्भ को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के तौर पर पहली बार उल्लेखित किया गया था। ऐसे में, अब 5 शहरों व बुंदेलखंड क्षेत्र की लोककलाओं को भी इस केटेगरी में उल्लेखित कराने के प्रयास योगी सरकार द्वारा शुरू कर दिए गए हैं।

शेष पेज 2 पर

## बिहार बजटः आधी आबादी पर जोर, महिलाओं के लिए बड़े ऐलान, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी फोकस



पटना। चुनावी साल में बजट का फोकस महिलाओं पर रहा है। इसमें वीमेन हाट, महिलाओं के लिए जिम और गरीब लड़कियों की शादी के लिए विवाह मंडप जैसी योजनाओं का ऐलान किया गया है।

बिहार सरकार ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट विधानसभा में पेश किया। बजट बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिनके पास वित्त विभाग भी है। यह पिछले बजट 2,79 लाख करोड़ रुपये से 38,169 करोड़ अधिक है। बजट पेश करते हुए चौधरी ने कहा कि कैंसर केयर सोसायटी बनाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बेगुसराय में एक कैंसर अस्पताल खोलेगी क्योंकि सबसे ज्यादा कैंसर मरीज इसी जिले से हैं।

चुनावी साल में बजट का फोकस महिलाओं पर रहा है। इसमें वीमेन हाट, महिलाओं के लिए जिम और गरीब लड़कियों की शादी के लिए विवाह मंडप जैसी योजनाओं का ऐलान किया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के सिद्धांत और सीएम के 'न्याय के साथ विकास' के सिद्धांत पर आधारित है। चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2025 और 2026 में शिक्षा पर 60,954 करोड़, स्वास्थ्य पर 20,335, ग्रामीण विकास पर 16,193 और ऊर्जा पर 13,483 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

सरकार पटना में 'महिला हाट' भी स्थापित करेगी और राज्य की सभी पंचायतों में 'कन्या विवाह मंडप' बनाये जायेंगे। सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पिछड़े वर्ग और अत्यंत पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति राशि भी 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति माह कर दी है।

शेष पेज 2 पर

## वो क्रूर शासक नहीं, कई हिंदू मंदिर बनवाए', सपा नेता ने औरंगजेब को बताया ग्रेट, शिंदे बोले- माफी मांगो



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्म चावा- छत्रपति संभाजी महाराज की बायोपिक के संदर्भ में उन्होंने दावा किया कि पूरा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है और औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए। अबू आजमी ने साफ तौर पर कहा कि क्रूर शासक नहीं थे।

समाजवादी पार्टी (सपा) नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने सोमवार को मुगल शासक औरंगजेब की एक महान प्रशासक के रूप में प्रशंसा करके विवाद खड़ा कर दिया। बॉलीवुड फिल्म चावा- छत्रपति संभाजी महाराज की बायोपिक के संदर्भ में उन्होंने दावा किया कि पूरा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है और औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए। अबू आजमी ने साफ तौर पर कहा कि क्रूर शासक नहीं थे। बीजेपी और शिवसेना विधायकों ने आजमी के बयान की कड़ी निंदा की और उनसे माफी की मांग की।

## आकाश आनंद के बयान से और नाराज हुईं मायावती

## अब पार्टी से ही निष्कासित कर दिया




लखनऊ । बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने के बाद सोमवार को पार्टी से ही निष्कासित कर दिया। मायावती ने कहा कि उन्होंने अपरिपक्वता का परिचय दिया है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद से नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी पद छीनने के बाद अब उन्हें पार्टी से ही निष्कासित कर दिया है।

अपने फैसले के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि बसपा की आल-इण्डिया की बैठक में कल आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लम्बी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है वह उसके पछतावे व राजनीतिक मैच्युरिटी का नहीं बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दण्डित भी करती रही हूं।

अतः डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्मसम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के हित में तथा कांशीराम की अनुशासन की परम्परा को निभाते हुए आकाश आनन्द को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

**आकाश आनंद ने ये दिया था बयान-** आकाश आनंद ने अपनी सफाई में कहा था कि मैं मायावती जी का कैडर हूं और उनके नेतृत्व में मैने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं, ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। आदरणीय बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं उस फैसले के साथ खड़ा हूं।

शेष पेज 2 पर

## होटल में हंगामे के बाद आईआईटी बाबा अभय सिंह के खिलाफ मामला दर्ज, बरामद हुआ मादक



जयपुर । शिप्रापथ थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बाबा रिद्धि-सिद्धि स्थित एक होटल में ठहरे हुए हैं और वहां हंगामा कर रहे हैं। जिस पर पुलिस कार्रवाई करने पहुंची। पुलिस ने बाबा को सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया।

जयपुर पुलिस ने रविवार को आईआईटी बाबा अभय सिंह को डिटेन किया। बाबा की लोकेशन ट्रेस करने के बाद पुलिस ने रिद्धि-सिद्धि इलाके के एक होटल में छापा मारा और उन्हें हिरासत में लिया।शिप्रापथ थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बाबा रिद्धि-सिद्धि स्थित एक होटल में ठहरे हुए हैं और वहां हंगामा कर रहे हैं। शिप्रापथ थाना प्रभारी राजेन्द्र गोदारा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बाबा को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान बाबा के पास से मादक पदार्थ बरामद हुआ। हालांकि, बरामद मादक पदार्थ की मात्रा बेहद कम थी, जिसके चलते इसे बेलेवल ऑफिंस माना गया।

शेष पेज 2 पर

## ईडी ने पेटीएम को 611 करोड़ रुपये के कथित फेमा उल्लंघन मामले में नोटिस जारी किया



नई दिल्ली । ईडी ने एक बयान में कहा कि पेटीएम की प्रमुख कंपनी वन97 कम्युनिकेशन लिमिटेड (ओसीएल), इसके प्रबंध निदेशक और पेटीएम की अन्य सहायक कंपनियों जैसे लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए लगभग 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

ईडी ने फेमा के उल्लंघन के लिए पेटीएम की मूल कंपनी और संबद्ध इकाइयों को 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह नोटिस संघीय एजेंसी के विशेष निदेशक की ओर से न्यायिक कार्यवाही शुरू करने के पहले जारी किया गया है।

ईडी ने एक बयान में कहा कि पेटीएम की प्रमुख कंपनी वन97 कम्युनिकेशन लिमिटेड (ओसीएल), इसके प्रबंध निदेशक और पेटीएम की अन्य सहायक कंपनियों जैसे लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए लगभग 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

शेष पेज 2 पर

यूक्रेन | अब तेरा क्या होगा जेलेंस्की?

## ट्रम्प ने भगाया तो ब्रिटिस पीएम और यूरोपीय नेताओं ने गले लगाया... मगर युक्रेन के काम कोई नहीं आया



**नई दिल्ली।** दूसरी ओर, ट्रंप ने यूक्रेन का साथ छोड़ा तो पूरे यूरोप के होश उड़ गये हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि करें तो क्या करें। अगर वह यूक्रेन का साथ नहीं दें तो कल को रूस उनकी जमीन तक पहुँच सकता है। अगर वह यूक्रेन का साथ दें तो उन्हें पैसा और रक्षा साजो-सामान देना पड़ेगा।

अमेरिका ने यूक्रेन का साथ छोड़ा तो ब्रिटेन और यूरोप जेलेंस्की के साथ खड़े नजर आने लगे लेकिन हर कोई अपने ऊपर सारी जिम्मेदारी लेने से बच रहा है और बीच का रास्ता निकालने का सुझाव दे रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति पद की कमान दोबारा संभालते ही विश्व राजनीति में जो बदलाव देखने को मिल रहा है उससे सभी भौंचक हैं। देखा जाये तो ट्रंप के कदमों ने अमेरिका के पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों को मजबूत कर दिया है लेकिन इसके मित्रों को कमजोर और चिंतित कर दिया है। अब कोई भी अमेरिकी सहयोगी- चाहे वह यूरोप में हो या एशिया में, यह भरोसा नहीं रख सकता कि वाशिंगटन अपनी सुरक्षा प्रतिबद्धताओं को पूरा करेगा। हम आपको याद दिला दें कि फरवरी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) के सदस्यों से अमेरिकी प्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से कहा था कि अमेरिका अब स्वयं को यूरोपीय सुरक्षा का मुख्य गारंटर संभवतः नहीं मानता।

देखा जाये तो अमेरिका के तेजी से पीछे हटने का मतलब है कि यूरोपीय देशों को न केवल शीघ्रता से हथियार जुटाने की इच्छाशक्ति और साधन जुटाने होंगे, बल्कि यूक्रेन की सुरक्षा के लिए सामूहिक रूप से आगे आना होगा। वे ऐसा कर पाएंगे या नहीं, यह अब भी स्पष्ट नहीं है। वहीं एशिया में भी अमेरिकी सहयोगियों के सामने अब और विकल्प हैं। जापान और दक्षिण कोरिया अब सभी विकल्पों पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं ताकि चीन को रोका जा सके। एक तरह से अमेरिका के मित्र देश अब रक्षा मामलों में खुद को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं।

शेष पेज 2 पर

# जल्द आ रही गर्मी: दिल्ली में इस साल मार्च का सबसे गर्म दिन रहा सोमवार

एनपीटी ब्यूरो

नई दिल्ली । इस साल जनवरी और फरवरी महीने में बारिश काफी कम हुई है। जनवरी में 19.2 और फरवरी में 21.5 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस बार 6.5 और 1.4 मिमी हुई है।

दिल्ली में सोमवार इस साल मार्च का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक 31.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.8 डिग्री कम 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिल्ली में मार्च का औसत अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री रहता है। सप्ताह के अंत में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू हो जाएगी। रविवार तक अधिकतम तापमान 31-33 डिग्री के बीच और न्यूनतम तापमान 15-17 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। इससे पहले बीती 27 फरवरी की सुबह गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। 74 साल में फरवरी महीने का न्यूनतम तापमान सबसे ज्यादा दर्ज किया गया। 1951-2025 तक की समयावधि पर गौर करें तो आज का न्यूनतम तापमान सबसे अधिक 19.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। यह सामान्य से सात डिग्री अधिक था।




दिल्ली में इस साल 26 फरवरी को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस साल जनवरी और फरवरी महीने में बारिश काफी कम हुई है। जनवरी में 19.2 और फरवरी में 21.5 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस बार 6.5 और 1.4 मिमी हुई है। मार्च के शुरूआत के दो दिनों में 2.0 मिमी दर्ज की गई है। मार्च में पूरे महीने में 19.1 मिमी बारिश दर्ज की जाती है। उत्तर पश्चिमी भारत में आए पश्चिमी विक्षोभ के असर से चार व पांच मार्च को दिल्ली में 20-30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है।

**6 मार्च से बढ़ेगा तापमान**

इस कारण से दो दिन तापमान 25-28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10-13 डिग्री के बीच रहेगा। 6 मार्च से तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू होगी। सप्ताह का अंत आते-आते अधिकतम तापमान 30-33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15-17 डिग्री पहुंच जाएगा। इससे दिन और रातें दोनों गर्म हो जाएगी। पश्चिमी विक्षोभ का असर दिल्ली और उसके आसपास नहीं दिखेगा। इस कारण यह सप्ताह शुष्क रहेगा। मौसम साफ रहेगा और धूप खिली रहेगी।

**आज का तापमान**

अधिकतम तापमानः 31.1 डिग्री सेल्सियस

न्यूनतम तापमानः 9.6 डिग्री सेल्सियस

4 मार्च को सूर्यास्तः शाम 6:23 मिनट

5 मार्च को सूर्योदयः 6:42 मिनट

# दिल्लीवालों की पसंद से तैयार होगा बजट

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा के सत्र का आज आखिरी दिन है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बजट 2025 को लेकर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 24 मार्च से 26 मार्च के बीच दिल्ली का बजट पेश करने की तैयारी है।

दिल्ली विधानसभा में 24 मार्च से 26 मार्च के बीच बजट पेश हो सकता है। लेकिन उससे पहले दिल्ली सरकार आगामी साल का बजट जनता की राय पर तैयार करने वाली है। सरकार में मंत्री, विधायक, अधिकारी जनता से राय लेंगे। इसके अलावा विभिन्न वर्गों के सुझाव देने के लिए उनको विधानसभा बुलाया जाएगा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि विकास की रफ्तार को तेज करने के लिए सरकार जो है समाज के सभी वर्गों को साथ में लेते हुए उनके सुझावों को शामिल करने का प्रयास करेगी। यह बजट दिल्ली का बजट है। इसमें जनता के प्रत्येक वर्ग के सुझाव शामिल हों।

आगे कहा कि हमारे संकल्प पत्र में जो फोकस के क्षेत्र में हमने महिलाओं को आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य सेवा का विस्तार, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, प्रदूषण को कम करना, नौकरियां, शिक्षा की बेहतर व्यवस्था, भोजन, वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण, यमुना नदी की सफाई, कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने जैसे महत्वपूर्ण विषय हमारे संकल्प में शामिल हैं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, ₹हम विकसित दिल्ली के बजट को 24 मार्च से 26 मार्च के बीच पेश करने की तैयारी कर रहे हैं...

वहीं दिल्ली सरकार की ओर से एक वेबसाइट ईमेलviksitdelhibudget-25@delhi.gov.in और एक व्हाट्सएप नंबर 9999962025 हमने जारी किया। जिसमें लिखित में दिल्ली का कोई भी व्यक्ति अपने सुझाव भेज सकता है। हमने अलग-अलग महिला संगठनों को पांच मार्च को बुलाया गया है। 6 मार्च को व्यापारिक वर्ग को बुलाया गया है। हमारा दिल्ली देहात, सभी शिक्षा जगत के लोग, युवा इन सबको हमारे मंत्रीगण हमारे विधायक संपर्क करेंगे।

# पेज एक का शेष...

## प्रदेश से गुजरने वाले एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ बनेंगे अस्पताल, हाईवे पास नहीं होंगी शराब की दुकानें

इसमें 34,600 लोग घायल हुए हैं, जबकि 24 हजार से अधिक मौतें हुई हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मृत्यूदर को हर हाल में रोकने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर सामूहिक प्रयास करें। सभी मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर आवश्यक कदम उठाए जाएं। सर्वाधिक दुर्घटना वाले 20 जिलों (हरदोई, मथुरा, आगरा, लखनऊ, बुलन्दशहर, कानपुर नगर, प्रयागराज, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, बदायूं, मेरठ और बिजनौर) में विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिला स्तर पर हर माह एवं मंडल स्तर पर तीन माह में अनिवार्य रूप से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करने के निर्देश दिए।

छह मंडल में सालभर में हु सिर्फ एक बैठक-प्रदेश में अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, सहारनपुर एवं आगरा मंडल में पिछले वर्ष सिर्फ एक ही बैठक होने पर उन्होंने असंतोष जताते हुए नियमित बैठक करने का निर्देश दिया। साथ ही बस्ती, लखनऊ, गोरखपुर और मीरजापुर में हुई चार बैठकों पर संतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024 में जिला सड़क सुरक्षा समिति की कम संख्या में बैठक करने वाले जनपदों बलरामपुर, फिरोजाबाद, गोंडा, चंदौली व जौनपुर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसी सप्ताह बैठक करें।

बेसिक व माध्यमिक के पाठ्यक्रम में जुड़ेगे ट्रैफिक के नियम-मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के पाठ्यक्रम में ट्रैफिक के नियमों को जोड़ा जाए। बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग अपने स्कूलों, कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधी विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करें। उन्होंने तेज गति, नशे की हालत में गाड़ी चलाने, गलत साइड पर गाड़ी चलाने, लाल बत्ती क्रास करने, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने के मामलों में सख्ती करने और ऐसा नहीं करे के लिए लोगों को जागरुक करने पर जोर दिया।

डग्गामार और ओवरलोडिंग पर मुख्यमंत्री सख्त-मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बिना परमिट की बसें सड़कों पर किसी भी कीमत पर न चलने पाएं। डग्गामार वाहनों एवं ओवरलोडेड ट्रकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। दूसरे प्रदेश से आने वाले बिना परमिट के वाहनों को बॉर्डर पर रोकें। ट्रासंपोर्ट एसोसिएशन एवं व्हीकल एसोसिएशन से संवाद स्थापित कर यह सुनिश्चित कराएं कि लंबी दूरी के वाहनों पर दो ड्राइवर हों।

एक्सप्रेस-वे एवं हाइवे पर क्रेन, पेट्रोलिंग वाहन और एम्बुलेंस की संख्या बढ़ायी जाए। प्रदेश में एनएचएआई की 93 सड़कों में अभी तक सिर्फ चार पर कैमरे लगे हैं। अन्य पर भी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। यह भी कहा कि सड़कों पर फुट ओवरब्रिज बनाने और नगरीय क्षेत्रों में नाबालिग बच्चे ई-रिक्शा न चलाने पाए। आरटीओ ऑफिस को बिचौलियों से पूर्णतः मुक्त रखने के लिए समय-समय पर जांच अभियान चलाएं।

ट्रैफिक जाम से लोगों को बचाएं-मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ट्रैफिक जाम से लोगों को बचाएं। यह एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। ट्रैफिक के सुचारु संचालन के लिए प्रदेश में पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध है। आवश्यकता पड़ने पर सिविल पुलिस, पीआरडी और होमगार्ड्स के जवानों को प्रशिक्षण देकर ट्रैफिक प्रबन्धन को बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों, स्कूलों एवं मुख्य बाजारों के बाहर टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाए।

## यूपी के 5 शहरों को अमूर्त विरासत व रचनात्मक शहरों के तौर पर यूनेस्को की मान्यता दिलाएगी योगी सरकार

'यूनेस्को के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क' में महक उठेगा कन्नौज का इत्र

सीएम योगी के विजन के अनुसार, कन्नौज के इत्र को यूनेस्को के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क में उल्लेखित कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में योगी सरकार द्वारा कन्नौज को सिटी ऑफ क्राफ्ट केटेगरी में इत्र के लिए पंजीकृत कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इत्र के निर्माण की पारंपरिक "देग-भापका" विधि और इसके ऐतिहासिक महत्व पर गहन शोध की डॉक्यूमेंटेशन रिपोर्ट को इस कार्य की पूर्ति के लिए निर्मित कर यूनेस्को टीम को सौंपा जाएगा।

कन्नौज को भारत की इत्र राजधानी" के रूप में वैश्विक प्रतिष्ठा, इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव के मानचित्रण तथा अद्वितीय प्रक्रियाओं, सांस्कृतिक विरासत व टिकाऊ प्रथाओं पर प्रकाश डालने वाले डोजियर का निर्माण किया जाएगा। इसे विभिन्न मीडिया फॉर्मेट्स के हिसाब से बनाया जाएगा, जिससे इसके उचित अवमूल्यन का अवसर यूनेस्को की टीम को मिल सकेगा।

वाराणसी की गंगा आरती, बुंदेलखंड की लोककलाओं को भी मिलेगी मान्यता

योगी सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं कि वाराणसी की गंगा आरती को भी यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के तौर पर मान्यता मिले। गंगा आरती के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और अनुष्ठान संबंधी महत्व पर गहन शोध भी होगा। सांस्कृतिक पर्यटन पर इस प्रथा के प्रभाव को दशार्न वाले दृश्य और पाठ्य सामग्री समाहित डॉक्यूमेंटेशन प्रक्रिया को पूर्ण किए जाने पर फोकस है।

इसी प्रकार ब्रज की प्रसिद्ध होली (जिसमें लट्ठमार होली को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा), आजमगढ़ के निजामाबाद की ब्लैक पॉटरी तथा फिरोजाबाद के कांच उद्योग को भी मान्यता दिलाने के लिए विस्तृत डोजियर का निर्माण किया जाएगा।

वहीं बुंदेलखंड के आल्हा गायन, राई नृत्य समेत स्थानीय लोक कला-लोक साहित्य एवं संस्कृति को परिलक्षित करते विस्तृत डोजियर का निर्माण बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के तौर पर मान्यता दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा।

## अब पार्टी से ही निष्कासित कर दिया

मायावती जी द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है, लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन और मूवमेंट के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा।

कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया, उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है। यह एक विचार है, एक आंदोलन है, जिसे दबाया नहीं जा सकता। इस मशाल को जलाए रखने और इसके लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने के लिए लाखों आकाश आनंद हमेशा तैयार हैं।

## होटल में हंगामे के बाद आईआईटी बाबा अभय सिंह के खिलाफ मामला दर्ज, बरामद हुआ मादक

पुलिस ने बाबा को सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया और थाने लौट आई।

सोशल मीडिया पर दी धमकी-पुलिस कार्रवाई के बाद अभय सिंह ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर सुसाइड करने की धमकी दी। इस घटनाक्रम के बाद उनके समर्थकों में हलचल मच गई। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बाबा ने वीडियो पुलिस पर आरोप लगाया है। कहा कि पुलिस ने लाइव करने के लिए मना कर रही है। पुलिस वीडियो नहीं बनाने दे रही है। सामान पूरा पैक कर लिया है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर रही है। मेरी मदद कोई नहीं कर रहा है। मैं किसी और देश में जाकर रह लूंगा।

## ईडी ने पेटीएम को 611 करोड़ रुपये के कथित फेमा उल्लंघन मामले में नोटिस जारी किया

जांच में पाया गया कि ओसीएल ने सिंगापुर में विदेशी निवेश किया और विदेशी स्टेप-डाउन सहायक कंपनी के निर्माण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को आवश्यक रिपोर्टिंग नहीं की। नोटिस में लगाए गए आरोपों के अनुसार ओसीएल ने आरबीआई की ओर से निर्धारित उचित मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों का पालन किए बिना विदेशी निवेशकों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी प्राप्त किया था।

ईडी ने कहा कि भारत में ओसीएल की सहायक कंपनी लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड ने भी आरबीआई की ओर से निर्धारित मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों का पालन किए बिना विदेशी निवेशकों से एफडीआई प्राप्त किया था। इसमें कहा गया है कि अन्य सहायक कंपनी- नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड- ने आरबीआई द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर कंपनी द्वारा प्राप्त एफडीआई की रिपोर्ट नहीं दी।

पिछले शनिवार को की गई नियामकीय फाइलिंग में पेटीएम ने कहा कि उसे ईडी से एक नोटिस मिला है, जिसमें कंपनी और उसकी दो सहायक कंपनियों- लिटिल इंटरनेट और नियरबाय- पर कुछ निवेश लेनदेन के संबंध में कुछ फेमा नियमों के कथित उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। बाद में पेटीएम ने स्पष्ट किया कि कथित उल्लंघन उस समय का है जब दोनों कंपनियां उसकी सहायक कंपनियां नहीं थीं। उसने 2017 में दोनों कंपनियों का अधिग्रहण किया था।

ईडी की नोटिस की खबरों के बाद पेटीएम की पैतृक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयरों में सोमवार को शुरूआती कारोबार में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। हालांकि बाजार बंद होते-होते शेयरों में हरियाली और कंपनी के शेयर 14.45 (2.02%) रुपये की बढ़त के साथ 729.40 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बंद हुए।

## वो क्रूर शासक नहीं, कई हिंदू मंदिर बनवाए', सपा नेता ने औरंगजेब को बताया ग्रेट, शिंदे बोले- माफी मांगो

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आजमी के बयान को "गलत और स्वीकार्य" बताया और कहा कि उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका बयान गलत है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। औरंगजेब ने छत्रपति संभाजी महाराज पर 40 दिनों तक अत्याचार किया; ऐसे व्यक्ति को अच्छा कहना सबसे बड़ा पाप है, इसलिए अबू आजमी को माफी मांगनी चाहिए। हमारे सीएम ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया जाना चाहिए।

विक्की कौशल के पीरियड ड्रामा 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की बहादुरी की कहानी पर प्रकाश डालने के बाद मुगल शासक ने एक बार फिर राजनीतिक ध्यान आकर्षित किया है - जिनकी अटूट लचीलापन ने मराठों को मुगलों के खिलाफ लड़ाई में प्रेरित किया। संभाजी महाराज को औरंगजेब के हाथों दुखद मृत्युदंड दिया गया। औरंगजेब छठा मुगल सम्राट था, जिसने 1658 से 1707 में अपनी मृत्यु तक शासन किया। उसके शासनकाल में, मुगल साम्राज्य अपनी सबसे बड़ी सीमा तक पहुंच गया - एक क्षेत्र जो लगभग संपूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप तक फैला हुआ था।

## बिहार बजटः आधी आबादी पर जोर, महिलाओं के लिए बड़े ऐलान, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी फोकस

चौधरी ने कहा कि सरकार राज्य के प्रमुख शहरों में महिलाओं के लिए विशेष बस सेवा शुरू करेगी। उन्होंने कहा, "इन बसों में ड्राइवर और कंडक्टर भी महिलाएं होंगी। राज्य के प्रमुख शहरों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे और प्रशिक्षक भी महिलाएं होंगी। इन केंद्रों में प्रशिक्षक भी महिलाएं होंगी।" सरकार धार्मिक पर्यटन पर फोकस करेगी और महिलाओं को टूरिस्ट गाइड के तौर पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट का काम पूरा होने वाला है. अगले तीन महीने में पूर्णिया एयरपोर्ट से हवाई जहाज उड़ान भरने लगेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कभी घोर विरोधी रहे सम्राट चौधरी के राज्य के वित्त मंत्री के तौर बजट पेश किये जाने के बाद उनके बगल में बैठे जदयू के प्रमुख ने अपनी सीट से खडे होकर चौधरी को शाबाशी दी। बजट में कहा गया है कि किसानों की आय में वृद्धि, पर्यावरणीय स्थिरता के साथ सतत औद्योगिक विकास और संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने तथा राज्य में रोजगार के नये अवसर विकसित करने के उद्देश्य से बिहार खाद्य प्रसंस्करण नीति, 2025 लाई जाएगी।

चौधरी ने कहा कि बिहार में खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमों के लिए वृहत संभावना है. जिसको बढ़ावा देने में यह नीति मील का पत्थर साबित होगी। इससे राज्य में उपलब्ध कृषि उत्पादर्दा आधारित इनपुट के लिए किसानों को अच्छा मूल्य प्राप्त हो सकेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। साथ ही, इन उत्पादों के आधार पर होने वाले मूल्य संवर्द्धन की प्रक्रिया में रोजगार के कई अवसर भी सृजित होंगे। इसमें कहा गया है कि राज्य के बड़े अनुमंडलों में अनुमंडलीय अस्पताल के अतिरिक्त एक अन्य रेफरल अस्पताल का निर्माण किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्ग का सृजन किया जाएगा। सम्पूर्ण राज्य में शहरी क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से वंचित वर्ग के लोगों के लिए, स्लम क्षेत्रों इत्यादि के लिए नगर चिकित्सा सुविधा केन्द्रों की स्थापना की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में बिहार राज्य के सभी 9 प्रमण्डलों के जिला मुख्यालयों में 108 चिकित्सा केन्द्रों को स्थपित किया जाएगा। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम एवं इलाज हेतु "बिहार कैसर केयर सोसाईटी" की स्थापना की जायेगी। बेगूसराय में एक कैंसर अस्पताल की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत राज्य के सरकारी विद्यालय, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तथा स्थापना प्रस्वीकृत विद्यालयों में कक्षा 1 से तक में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति दर को दोगुना किया जायेगा, जिसपर प्रतिवर्ष अतिरिक्त 875.77 करोड़ रुपए का व्यय अनुमानित है।

## ट्रम्प ने भगाया तो ब्रिटिस पीएम और यूरोपीय नेताओं ने गले लगाया... मगर युक्रेन के काम कोई नहीं आया

वैसे, एक बात और उभर कर आ रही है कि ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में इतने कम समय में जो अराजकता फैलाई है, वह अप्रत्याशित और हैरान करने वाली है। अमेरिका फर्स्ट (अमेरिका प्रथम) की कोशिश में ट्रंप अपने देश का नुकसान करते जा रहे हैं। वह अमेरिका को अलग-थलग कर रहे हैं और उसके सबसे करीबी दोस्तों को ही अब उस पर भरोसा नहीं रह गया है।

वहीं दूसरी ओर, ट्रंप ने यूक्रेन का साथ छोड़ा तो पूरे यूरोप के होश उड़ गये हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि करें तो क्या करें। अगर वह यूक्रेन का साथ नहीं दें तो कल को रूस उनकी जमीन तक पहुँच सकता है। अगर वह यूक्रेन का साथ दें तो उन्हें पैसा और रक्षा साजो-सामान देना पड़ेगा। यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं की हालत पहले ही पतली हो रखी है और वह लंबे समय तक यूक्रेन को मदद कर पाने की स्थिति में नहीं हैं लेकिन उनकी मजबूरी यह भी है कि वह पुतिन को जीतते नहीं देखना चाहते। देखा जाये तो यूरोपीय देश बड़े धर्मसंकट में फंस गये हैं। जोश जोश में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने लंदन में यूरोपीय नेताओं का एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन तो बुला लिया लेकिन इसमें भी यही राय उभर कर आई कि अमेरिका का सहयोग मिलना बहुत जरूरी है। यूरोपीय नेताओं ने यूक्रेन के लिए एक नया प्रस्ताव तैयार कर जेलेंस्की को बोला है कि वह इसे लेकर ट्रंप के सामने जायें तो उनका काम आसान हो सकता है।

हम आपको बता दें कि यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन में ओवल ऑफिस की घटना छाई रही। सम्मेलन के दौरान ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि यूरोपीय नेता अमेरिका को पेश करने के लिए एक यूक्रेन शांति योजना तैयार करने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना को देखकर अमेरिका यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी दे सकता है जिसकी यूक्रेन को बड़ी जरूरत है। यूरोपीय नेता इस बात पर भी सहमत हुए कि उन्हें ट्रंप को यह दिखाने के लिए रक्षा पर अधिक खर्च करना चाहिए कि महाद्वीप अपनी रक्षा कर सकता है। हालांकि ट्रंप के सामने पेश करने के लिए जो योजना बनाई गयी है उसका ब्यौरा नहीं दिया गया है लेकिन कहा जा रहा है कि योजना में एक महीने का युद्धविराम शामिल होगा जो हवाई और समुद्री हमलों पर लागू होगा लेकिन जमीनी लड़ाई पर नहीं। बताया जा रहा है कि यदि अधिक ठोस शांति समझौता हुआ तो यूरोपीय सैनिकों को तैनात किया जाएगा। हम आपको बता दें कि ट्रंप कह चुके हैं कि वह किसी भी कीमत पर अमेरिकी सैनिकों को यूक्रेन की रक्षा के लिए नहीं भेजेंगे दूसरी ओर जेलेंस्की यह स्पष्ट कर चुके हैं कि यूक्रेन शांति समझौते के तहत अपना कोई क्षेत्र रूस को नहीं देगा और वह अमेरिका के साथ खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि वह ट्रंप के साथ अपने रिश्ते को बचा सकते हैं, लेकिन बातचीत इस बार बंद दरवाजों के पीछे करनी होगी। देखना होगा कि ट्रंप क्या जेलेंस्की की इस शर्त को स्वीकार कर उनसे दोबारा मिलने को राजी होते हैं?

जहां तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ जेलेंस्की की बैठक की बात है तो आपको बता दें कि दोनों नेताओं की मुलाकात में इस बात पर चर्चा की गयी कि अगर अमेरिका यूक्रेन से समर्थन वापस ले लेता है तो यूरोपीय देश यूक्रेन और खुद की रक्षा कैसे कर सकते हैं। हम आपको यह भी बता दें कि ब्रिटेन में यूगोव के सर्वेक्षण में पाया गया कि 48 प्रतिशत ब्रिटिश लोगों का मानना है कि अमेरिका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने की तुलना में यूक्रेन का समर्थन करना अधिक महत्वपूर्ण है। केवल 20 प्रतिशत लोग यूक्रेन के बजाय अमेरिका का समर्थन करने के पक्ष में हैं। हम आपको यह भी बता दें कि एक ओर जहां जेलेंस्की को व्हाइट हाउस से जाने को कहा गया वहीं ब्रिटेन में उनका शाही स्वागत किया गया। जेलेंस्की ने सैंड्रिंघम में महाराजा चार्ल्स से मुलाकात की। वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच ओवल ऑफिस में हुई तीखी बहस के एक दिन बाद ब्रिटेन आए यूक्रेन के राष्ट्रपति को ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने गले लगाया और कहा कि उन्हें देश का अटूट समर्थन प्राप्त है। जेलेंस्की शनिवार को जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट पहुंचे तो वहां बाहर एकत्र लोग उनके समर्थन में नारे लगा रहे थे। स्टार्मर ने यूक्रेनी राष्ट्रपति को गले लगाया और वह उन्हें अंदर ले गए। बाद में जेलेंस्की ने विभिन्न यूरोपीय नेताओं से मुलाकात की। हम आपको बता दें कि यूरोपीय देशों के शिखर सम्मेलन में फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, पोलैंड, स्पेन, कनाडा, फिनलैंड, स्वीडन, चेक गणराज्य और रोमानिया के नेता भी शामिल हुए। तुर्किये के विदेश मंत्री, नाटो महासचिव तथा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष ने भी इसमें भाग लिया।

बहरहाल, रूस-यूक्रेन युद्ध का कोई भी ठोस समाधान निकालने में यह शिखर सम्मेलन विफल रहा। अपनी अपनी ओर से यूरोपीय देशों ने आर्थिक और सैन्य मदद का ऐलान तो कर दिया है लेकिन देखना होगा कि वह कब तक ऐसा करते रह पाने में खुद को सक्षम पाते हैं। वैसे जेलेंस्की को फिर से ट्रंप की शरण में जाने का जो सुझाव दिया गया है वह यही संदेश दे रहा है कि सिर्फ हमारे भरोसे मत रहना।

# शिव महापुराण कथा का पूर्णाहुति के साथ हुआ समापन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। बागपत शहर में प्रथम शिव महापुराण महायज्ञ के अंतिम दिवस पर प्रातः रुद्राभिषेक के बाद ब्राह्मणों के द्वारा महायज्ञ की पूर्ण आहुति कराई गई। उसके बाद भगवान भोलेनाथ का विशाल भंडारा लगाया गया।

इस मौके पर कथावाचक ईशान ज्योतिष गुरु आचार्य मनोज जोशी के मुखारविंद से द्वादश ज्योतिर्लिंग 10 महाविद्याओं के बारे में 64 कलाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इसमें मुख्य यजमान जगरेश प्रजापति संजय प्रजापति मनोज गोयल नरेश गुप्ता कुलदीप भारद्वाज व बहुत से सनातन धर्म प्रेमी माताएं बहने बड़े



बुजुर्ग भाई युवा यश शर्मा कपिल शर्मा बिन्नू लाल नमकीन वाले योगेश शर्मा अशोक भगत जी विशाल ज्वेलर्स प्रमोद जैन वरिष्ठ नागरिक राजपाल शर्मा व समस्त ब्राह्मण समाज संजय रुहेला संयुक्त व्यापार वेलफेयर सनातन धर्म युवा समिति के सदस्य गगन गोड़ काली मंदिर अध्यक्ष दिसंबर दयाल लोकेश गुप्ता महेश चंद्र मोंटी चौहान सभासद भावी कश्यप सभासद युद्धवीर चौहान अजय चौहान धीरज बॉबी चौहान राजवीर चौहान कस्बे से गौरव शर्मा नयागांव राजीव गोयल बागपत अरविंद गोयल बबली प्रधान बिरजू मनी स्वराजमणि डॉक्टर नरेंद्र पवन उपाध्याय दिनेश उपाध्याय अंकुर कौशिक नीरज कश्यप अधिराज चौहान नरेंद्र गुर्जर राजू चौहान रमेश वर्मा सत्य प्रकाश अभिषेक श्याम बिहारी रामू हवाई नितिन वर्मा मोनू सब्जीवाला अमित गोयल शिव भूमिया मंदिर समिति रेखा चौहान सुशीला दीपाली गोयल किरण गोयल राजेश उपाध्याय रजनी स्वामी राजेश उपाध्याय इंद्रेश उपाध्याय गुड्डन उपाध्यक्ष ऊषा शर्मा ब्रिजेश शर्मा उपस्थित थे।

# बागपत जनपद भारतीय सभ्यता की जन्मदाता भूमिः तरुण विजय

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



बागपत-पूर्व राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष तरुण विजय ने सोमवार को बागपत जनपद का दौरा किया। जिला प्रशासन द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में उनकी अगवानी की गई, जहाँ उन्होंने एक बैठक के दौरान शहजाद राय शोध संस्थान के निदेशक, प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. अमित राय जैन से मुलाकात कर जनपद बागपत के महाभारतकालीन स्थलों एवं ऐतिहासिक स्मारकों की जानकारी प्राप्त की।

तरुण विजय ने कहा कि बागपत जनपद भारतीय सभ्यता की जन्मदाता भूमि है, जिसका अनावृत इतिहास भारतीय इतिहास को नए आयाम प्रदान करेगा। इस संदर्भ में वे एक ₹पांडव पथ परियोजना₹ पर कार्य कर रहे हैं, जिसके तहत महाभारत काल में श्रीकृष्ण द्वारा कौरवों से माँगे गए पाँच प्राचीन गाँवों (फरीदाबाद, दिल्ली, सोनीपत, पानीपत और बरनावा, बागपत) को आपस में जोड़ते हुए एक वृहद पर्यटन एवं सांस्कृतिक संरक्षण योजना तैयार की जा रही है।

इस परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत की जाएगी। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध केंद्र, संग्रहालयों एवं सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना की जाएगी, जिससे भारत के गौरवशाली अतीत को वैश्विक पहचान मिलेगी।

बैठक के बाद तरुण विजय, डॉ. अमित राय जैन एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बरनावा के प्राचीन पुरास्थल का भ्रमण किया। यहाँ उन्होंने इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से संकलित कीं। इस परियोजना के तहत बागपत नगर के पीछे स्थित प्राचीन खंडवारी वन को भी शामिल किया जाएगा।

तरुण विजय ने कहा कि ₹पांडव पथ परियोजना₹ भारत के गौरवशाली इतिहास को संरक्षित करने और इसे पर्यटन के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी।

# भगत सिंह के शहादत दिवस पर की जाये राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा : इंद्रजीत सिंह अस्त



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत।शहीद भगत सिंह सोशल वेलफेयर सोसाइटी की एक बैठक अशोक नगर में शहीद भगत सिंह शहीद राजगुरू व शहीद सुखदेव के शहादत दिवस मनाने के लिए हुई।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरबजीत कौर प्रभारी ऑल इंडिया महिला सेल, अतिथि प्रवेश सनी मुख्य संपादक साहनी टाइम्स उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए इंद्रजीत सिंह अस्त ने कहा की जो काम हम कर रहे हैं, वह सरकारों को करना चाहिए। शहादत दिवस व जन्मदिन मनाने के लिए सरकारों को एक अलग से फंड की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि 23 मार्च को भारत सरकार को राष्ट्रीय अवकाश करने की घोषणा करनी चाहिए। श्री अस्त ने कहा कि यह कार्यक्रम कटयाल मंदिर नियर अशोक नगर पुलिस स्टेशन तिलक नगर के पास किया जाएगा, जिसमें सभी धर्म के लोग शामिल होकर शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को श्रद्धांजलि देंगे। इस अवसर पर हरजीत कौर टक्कर, राजदेव सिंह खुरमी, हरविंदर सिंह सोखी, गगनदीप सिंह, उमा शर्मा, कमलजीत कौर, जोगिंदर सिंह सभरवाल,अमनदीप सिंह, अरविंदर कौर, परमजीत सिंह मरवा, विमल कुमार, एम पी त्रिपाठी आदि थे।

# पूर्व सांसद प्रत्याशी सुभाष चंद कश्यप ने अनुसूचित जाति आयोग और एससी-एसटी कानून समाप्त करने की मांग की

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



खेकड़ा/बागपत- पूर्व सांसद प्रत्याशी सुभाष चंद कश्यप ने सोमवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित एक ज्ञापन तहसील खेकड़ा में उप जिलाधिकारी को सौंपा।

उन्होंने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति आयोग और एससी-एसटी कानून का दुरुपयोग हो रहा है। कुछ महिलाएं हनी ट्रैप जैसे षड्यंत्र के जरिए पुरुषों को ब्लैकमेल कर रही हैं और पैसे लेकर समझौता कर लेती हैं। अगर पैसा नहीं मिलता, तो वे झूठे आरोप लगाकर पुलिस में मामला दर्ज करवा देती हैं, जिससे कई निर्दोष पुरुष कानूनी कार्रवाई का सामना करने को मजबूर हो जाते हैं।

सुभाष चंद कश्यप ने मांग की कि अनुसूचित जाति आयोग को भंग किया जाए और एससी-एसटी कानून को समाप्त किया जाए ताकि इसके कथित दुरुपयोग को रोका जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जो संगठन और पार्टियाँ ऐसे मामलों में झूठी शिकायतकताओं का समर्थन करती हैं, उन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कुछ महिलाएं कानून का गलत फायदा उठा रही हैं, जिससे निर्दोष पुरुषों का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। उन्होंने पुरुषों के अधिकारों की सुरक्षा की भी मांग की।

# बिनौली में युवाओं को फिट इंडिया एप की दी जानकारी, खेलों से जुड़ने का किया आह्वान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



बिनौली (बागपत): नेहरू युवा केंद्र बागपत से संबद्ध टीएससी यूथ क्लब अध्यक्ष अमीर खान ने बिनौली गांव में युवाओं को फिट इंडिया मोबाइल एप की जानकारी दी और फिट इंडिया अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह एप युवाओं को व्यायाम, योग और फिटनेस से जुड़े सुझाव देने के साथ स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने में मदद करता है।

इसके साथ ही उन्होंने ₹मेरा युवा भारत प्लेटफार्म सहित विभिन्न युवा केंद्रित सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की, जिससे युवा रोजगार, खेल और कौशल विकास के अवसरों से जुड़ सकें। अमीर खान ने युवाओं से खेलों में भागीदारी बढ़ाने, नियमित व्यायाम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि फिट युवा ही देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं ने फिट इंडिया अभियान की शपथ ली और खेलों से जुड़ने का संकल्प लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को नई संभावनाओं से जोड़ने में सहायक होते हैं।

# रेल कारखाना क्रॉसिंग होगा हमेशा के लिए बंद होगा

## फिलहाल रेलवे को टालना पड़ा फैसला

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। इज्जतनगर रेलवे वर्कशाप क्रॉसिंग को स्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा। सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने दो दिन पहले इसे 1 मार्च से बंद करने की घोषणा की तो एनई रेलवे मेंस कांग्रेस ने विरोध कर आंदोलन की चेतावनी दी। इस पर निर्णय को कुछ दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।

एनई रेलवे मेंस कांग्रेस के मंडल मंत्री रजनीश तिवारी को जब क्रॉसिंग बंद होने का पता चला तो उन्होंने वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय को पत्र लिखकर चेतावनी दी कि यदि क्रॉसिंग बंद हुई तो आंदोलन किया जाएगा। जब तक अंडरपास का निर्माण चालू नहीं हो तब तक क्रॉसिंग को बंद नहीं किया जाए। इसके बाद रेल प्रशासन ने क्रासिंग को स्थाई रूप से बंद करने की योजना को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया है।



रजनीश तिवारी ने बताया कि वर्कशाप में काम करने के लिए सभी दिशाओं से कर्मचारी आते हैं। अंडरपास चालू होने से पहले क्रॉसिंग के बंद होने से कर्मचारियों को काफी घूम कर आना होगा। वहीं सीनियर डीसीएम ने क्रॉसिंग बंद होने के बाद कत्था फैक्ट्री क्रॉसिंग से आवागमन चालू रखने की बात कही है। इस रास्ते पर डामरयुक्त सड़क बना दी गई है। रविवार को डीआरएम कार्यालय की तरफ जाने वाले मार्ग पर निर्माण का काम जारी था। क्रॉसिंग बंद होने पर रेल प्रशासन गेटमैन की पोस्ट सरेंडर करेगा।

# अनेजा ग्रुप से की जाएगी 29.83 लाख की वसूली

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग प्रथम ने 29.83 लाख की अदायगी न करने पर अनेजा ग्रुप के खिलाफ आरसी जारी कर डीएम को उसकी चल-अचल संपत्ति से यह धनराशि वसूल करने का निर्देश दिया है।

आयोग की ओर से जारी पत्र के मुताबिक सिविल लाइंस निवासी किरन शर्मा पत्नी सूर्य प्रकाश एवं सूर्य प्रकाश शर्मा पुत्र कृष्ण दत्त शर्मा ने एलए इन्फ्रावेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के हरीश अनेजा ग्रुप के विरुद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 एवं 2019 के तहत वर्ष आयोग में वाद दर्ज कराया था। आयोग ने 22 दिसंबर 2022 को फैसला सुनाते हुए अनेजा ग्रुप के निदेशक सुनील कुमार तिवारी और ऋषभ अनेजा पर 29 लाख 83 हजार 179 रुपये का जुमार्ना लगाया था। लेकिन अनेजा ग्रुप की ओर से दो साल से ज्यादा समय बाद भी जुमार्ने की राशि अदा नहीं गी गई।

अब जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग प्रथम के अध्यक्ष ने अनेजा ग्रुप से 29.83 लाख की धनराशि की आरसी जारी कर इसे राजस्व की भांति वसूल कराने का निर्देश दिया है। डीएम के निर्देश पर एडीएम फाइनेंस संतोष बहादुर सिंह ने आरसी को तहसील सदर भेजा है और धनराशि वसूल कराने का आदेश दिया है।

# मैनपुरी पहुंचे भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप



मैनपुरी- भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसानों के प्रति समस्याओं को लेकर डीएम को सोपा ज्ञापन उसके पश्चात मां शीतला देवी मैनपुरी में चल रही शिव महापुराण कथा में सम्मिलित हुए और पदाधिकारी को नियुक्त पत्र वितरण किये आज किसान महापंचायत के बाद पूनम राठौर को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, शिवानी चौहान जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ, आशू गौर वरिष्ठ प्रदेश सचिव व्यापार प्रकोष्ठ, पंकज यादव प्रदेश संगठन मंत्री के पद पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने नियुक्त कर नियुक्ति पत्र दिया। संगठन में जुड़े सभी नवयुक्त पदाधिकारीयों बधाई एवं शुभकामनायें। इस अवसर पर अरविंद सिंह चौहान राष्ट्रीय महासचिव राजन चौहान राष्ट्रीय संगठन मंत्री दीपक चौहान जिला अध्यक्ष टीटू सिंह प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामवीर चौहान सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

# दिगंबर जैन कॉलेज, बड़ौत में राष्ट्रीय सेवा योजना की यातायात जागरूकता रैली आयोजित

बड़ौत/बागपत- दिगंबर जैन कॉलेज, बड़ौत में राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) की प्रथम एवं चतुर्थ इकाई द्वारा एक भव्य यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली डॉ. सुरेश कुमार एवं डॉ. हिमांशु बंसल के निर्देशन में कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर डाकखाना, संजय मूर्ति, पुसवाली मस्जिद, नगर पालिका, अतिथि भवन से होते हुए कॉलेज के ए-फील्ड में संपन्न हुई।



इस रैली के दौरान छात्रों ने सड़क पर आने-जाने वाले दोपहिया वाहन चालकों को यातायात सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी तथा उन्हें हेलमेट के उपयोग की अनिवार्यता के प्रति जागरूक किया। रैली में शिवम तोमर, कार्तिक, अजय प्रताप, बादल, रजत, जावेद, ध्रुव, रिजवान, दीपांशु, रुस्तम, रोहित, अजय शर्मा, सम्यक जैन, लक्ष्य पांडे, मोहित शर्मा, विवेक शर्मा सहित कई छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार मछाल ने छात्रों को यातायात सुरक्षा के नियमों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और इस प्रकार की जागरूकता मुहिम को निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित किया। यह रैली न केवल सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल थी, बल्कि इससे छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हुई।

# मित्र के साथ कभी छल, कपट नहीं करना चाहिए- कौशिक महाराज

## गौतीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला के सहायतार्थ पुराण मनीषी श्री कौशिक जी महाराज ने श्रद्धालुओं को कराया शिव महापुराण कथा का रसपान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मैनपुरी। शहर के देवी रोड स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित गौतीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला के सहायतार्थ आयोजित शिव महापुराण कथा का 11वें दिवस पुराण मनीषी पूज्य श्री कौशिक जी महाराज के पावन सानिध्य में कथा परीक्षित डॉक्टर कौशलेंद्र दीक्षित व उनकी धर्मपत्नी शुभा दीक्षित, यजमान विनीत यादव उनकी धर्मपत्नी प्रिया यादव ने मंत्रोच्चारण के बीच भगवान की पूजा अर्चना की।

पुराण मनीषी पूज्य श्री कौशिक जी महाराज ने भगवान महादेव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि मित्र के साथ कभी छल, कपट नहीं करना चाहिए, जो ऐसा करता है उसे ऐसा अपराध लगता है जिसका प्रायश्चित नहीं हो सकता है।महाराज श्री ने कहा कि जिस तरह भगवान के भक्त के दर्शन करने से त्रिवेणी नहाने का पुण्य मिलता है उसी तरह जो मित्र मित्र के दुख से दुखी न हो उसकी शक्ल देखने से हमारे पुण्य नष्ट होते है। उन्होंने कहा कि धन्य है भारत की नारी,



नारी पूज्यनीय है। जहां नारियों की पूजा होती है वहां भगवान वास करते हैं। महाराज श्री ने कई प्रसंगों के साथ कथा का रसपान कराया।

कथा के दौरान कौशिक जी महाराज के भजनों पर श्रद्धालू भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए।

कथा के विश्राम पर परीक्षित डॉक्टर कौशलेंद्र दीक्षित व उनकी धर्मपत्नी शुभा दीक्षित, यजमान विनीत यादव उनकी धर्मपत्नी प्रिया यादव, विशिष्ट अतिथि सीडीओ नेहा बन्धु, कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ संजीव मिश्रा वैद्य जी, रामवीर सिंह तोमर, साधना तोमर, आलोक गुप्ता, चेयरमैन संगीता गुप्ता, पूर्व चेयरमैन साधना गुप्ता, किशन दुबे, प्रशांत दीक्षित, मदन मोहन पांडेय, विमल पांडेय, आयोजन समिति के सचिव संदीप चतुर्वेदी, सपा नेता डीपीएस यादव, राधारानी दुबे आदि ने भगवान शिव की आरती की। कथा का संचालन पंडित रामदेव शास्त्री ने किया।

कथा में धीरू राठौर, भरत दुबे, अनिल कुमार गुप्ता, मुकेश गुप्ता, राजीव पांडेय एडवोकेट, वीर सिंह भदोरिया, सीपी पांडेय, बजरंग सिंह जादौन, मुकेश अग्निहोत्री, अश्वनी मिश्रा, अरविंद पांडेय एडवोकेट, बीनू बंसल, अशोक गुप्ता पप्पू, पंचू पांडेय, दिनेश दीक्षित, रालोद अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे, प्रदीप तिवारी, अरविंद तोमर, किशन दुबे, विनोद, राजीव, सीमा चौहान आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## संपादकीय

# नशीले कारोबार के हर मोर्चे पर लड़े पंजाब

लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं के कारोबार के खिलाफ पंजाब सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध शुरू किया है। सरकार का दावा है कि तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा कर दिया जाएगा। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत में किए जाते रहे हैं। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। सवाल यह है कि मान सरकार का नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिख पायेगा? उल्लेखनीय है कि मान के नेतृत्व वाले प्रशासन ने नशामुक्ति और पुनर्वास प्रयास के साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के जरिये एक व्यापक रणनीति को अंजाम देने की कोशिश की है। इस अभियान में नशामुक्ति केंद्रों और डॉक्टरों द्वारा लिखी जाने वाली दवाओं की बिक्री को विनियमित करने पर ध्यान देकर एक कारगर पहल की गई है। हालांकि, इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार कर पाए हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।

उल्लेखनीय है कि पंजाब में विगत में भी ऐसे दावे किए गए हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। निस्संदेह, उनकी सरकार ने भी इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे। जिसमें सरकारी कर्मचारियों के लिये भी वार्षिक दवा परीक्षण तथा अधिकारियों की नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकथाम की जवाबदेही शामिल थी। लेकिन उसके बावजूद नशीली दवाओं का संकट जारी रहा। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। इस कार्रवाई का शिकार वे लोग होते हैं जो नशीली दवाओं के अंतिम उपयोगकर्ता नशेड़ी होते हैं। जो आमतौर पर गरीब लोग होते हैं। वहीं दूसरी ओर नशे का बड़ा कारोबार निर्बाध रूप से चलता रहता है। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। वहीं सुखद है कि हिमाचल सरकार ने छह माह में नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने का संकल्प जताया है, जिसमें तस्करों की संपत्ति जब्त करने व संदिग्ध खातों की जांच भी शामिल है।

# आत्मनिर्भरता में आर्थिक चुनौतियों का समाधान



निर्विवाद रूप से ट्रंप के सत्ता में आने के बाद उपजे हालात से मुकाबले के लिये एकमात्र समाधान केवल आत्मनिर्भरता, लघु और कुटीर उद्योगों के विकास और सहकारिता आंदोलन को गति देने में है। दुनियाभर में पर्यावरण प्रदूषण और असाधारण मौसम परिवर्तन ने गंभीर संकट पैदा कर दिया है। जब समृद्ध देशों से इस संकट का समाधान खोजने की अपील की गई, तो वे इससे पल्ला झाड़ते हुए नजर आए, और इनमें सबसे प्रमुख अमेरिका था। इसके अलावा, राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका अमेरिकियों के लिए का नारा देते हुए, अवैध रूप से वहां रह रहे आप्रवासियों को उनके देशों में वापस भेजने की नीति अपनाई है। ये कदम अमेरिका की नीतियों का हिस्सा हैं, भले ही अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति के तहत मैत्रीपूर्ण संबंधों का दिखावा किया जा रहा हो।

अमेरिका ने यह घोषणा की है कि वह अब अपने मूल्यवान आर्थिक संसाधनों को तीसरी दुनिया के देशों में क्यों लौटाए। वर्ष 1961 से अमेरिका एक आर्थिक सहायता कार्यक्रम चला रहा था, जिसके तहत पिछड़े देशों में मानवीय और आर्थिक संसाधनों का विकास किया जाता था, और लोकतंत्र की स्थापना की दिशा में काम किया जाता था। इस कार्यक्रम के तहत अमेरिका सालाना करीब 496 करोड़ डॉलर खर्च करता था। भारत में लोकतंत्र को प्रोत्साहित करने और वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अमेरिका प्रतिवर्ष एकमुश्त रकम खर्च करता था। हालांकि, डोनाल्ड ट्रम्प ने सत्ता संभालते ही इस सहायता को बंद कर दिया, यह मानते हुए कि हर देश को अपनी लोकतांत्रिक व्यवस्था को खुद मजबूत करना चाहिए। इतना ही नहीं, जब मोदी मैत्री वार्ता के लिए अमेरिका गए, तो वार्ता शुरू होने से पहले अमेरिका ने अपनी टैरिफ नीति घोषित कर दी, जिसका मूलमंत्र था जैसे को तैसा। हाल ही में डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के बारे में यह बयान दिया कि भारत के पास पर्याप्त धन है और वह टैक्स उगाहने में माहिर है, इसलिए अमेरिका भी अपने आयात में ऊंचे टैक्स लगाकर इसका प्रतिवाद करेगा। अमेरिका का आरोप है कि भारत ने उसके सामान पर उच्च टैक्स लगा रखा था, जबकि अमेरिका भारतीय आयात पर कम टैक्स लगाता था। फलतः ट्रम्प ने भारत पर भी टैरिफ बढ़ा दिए। अर्थशास्त्री कहते हैं कि अगर अमेरिकी नीतियों से महंगाई बढ़ती है तो इससे भारत में मुद्रास्फीति पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो जाएगा। इसके अलावा, यदि भारतीय निर्यात पर 20 प्रतिशत का टैरिफ लागू कर दिया जाता है, तो भारत की जीडीपी में गिरावट हो सकती है। यह स्थिति खासतौर पर चिंताजनक है, क्योंकि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखता है। इसके लिए आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपनी जीडीपी में 8 प्रतिशत की विकास दर बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। पिछले वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में भारत की विकास दर 7 प्रतिशत से घटकर पौने 6 प्रतिशत पर आ गई थी। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का अनुमान है कि भारत 7 प्रतिशत विकास दर हासिल करने में सक्षम रहेगा। लेकिन अब अमेरिकी हित संरक्षण की नीति सामने आ गई है, जिसमें ट्रम्प भारत के साथ जैसे को तैसा नीति लागू करने की बात कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप, भारत के विभिन्न उद्योगों को नुकसान हो सकता है। यदि यह टैरिफ शुल्क लागू हो जाता है, तो भारतीय निर्यात क्षेत्र को बड़ा धक्का लगेगा। निर्यातकों को टैरिफ चुकाने के बाद उनकी लागत पूरी नहीं हो पाएगी, जिससे वे निर्यात बढ़ाने के प्रति कम उत्साहित हो सकते हैं।

इस वर्ष के नए आंकड़े दशार्ते हैं कि हमारा निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में कम हो गया है, जबकि आयात की मांग में कोई कमी नहीं आई। अब स्थिति यह बन गई है कि यदि अमेरिका से आने वाली वस्तुएं महंगी हो जाती हैं और हमारी मांग लगातार बनी रहती है, तो रुपये का मूल्य डॉलर के मुकाबले गिरता जाएगा। जिसका मतलब है कि आयातित वस्तुएं महंगी हो जाएंगी। यदि अमेरिका अपनी दरें बढ़ाकर इसे भारतीय टैरिफ के बराबर कर देता है, तो इससे भारत में आयातित वस्तुएं महंगी हो जाएंगी, जिससे मुद्रास्फीति को और बढ़ावा मिलेगा। सरकार को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। हालांकि, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और ट्रंप सरकार की मनमानी से शेयर बाजार को भारी नुकसान हुआ है। यह विदेशी निवेश की दृष्टि से एक निराशाजनक स्थिति है।

# मोदी और केरल में ईश्वर का हाथ

आप कल्पना कर सकते हैं कि भाजपा इतनी खुश क्यों है। राजधानी दिल्ली समेत, उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में जीत हासिल करने के बाद उसे पता है कि अब दक्षिणी मोर्चे में भी सेंध लगाना जरूरी हो गया है।

मध्यवर्गीय भारत का बिगड़ैल लाल यानी तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर इन दिनों एक लघु तूफान में फंसे हुए हैं, और यह सब इंडियन एक्सप्रेस के साथ 45 मिनट के पॉडकास्ट में मलयालम में उनके कहे चार शब्दों वाले एक वाक्य की वजह से है मेरे पास दूसरे विकल्प हैं। चार बार के सांसद थरूर 2009 में किए गए अपने ट्वीट मैं हमारी सभी पवित्र गायों का साथ देने के लिए कैटल क्लास में यात्रा करने जा रहा हूं, जिसने मितव्ययिता के नारे के इर्द-गिर्द घड़े पाखंड के असामान्य प्रदर्शन पर तंजकर देश को खूब हंसाया था, उस वक्त के बाद से वे एक लंबा सफर तय चुके हैंझ हालांकि, खुद सोनिया गांधी ने ऐसी शब्दावली के लिए उनकी ताड़ना की थी।

हो सकता है थरूर की टिप्पणियों पर उठा नवीनतम विवाद भी सप्ताहांत तक ठंडा पड़ जाए, खासकर जब केरल कांग्रेस के नेताओं और पार्टी आलाकमान के बीच 2026 में केरल के आगामी चुनाव को लेकर होने वाली तैयारी बैठक होगी, और सांसद की आहत हुई भावना को शांत करने का प्रयास किया जाए। पार्टी के सभी गुटों के बीच एकता दिखाने की बात पहले ही कही जा रही है।

वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी, वहां से पूर्व सांसद और उनके भाई राहुल गांधी और कांग्रेस संगठन के प्रभारी महासचिव और अलपुझा से सांसद केसी वेणुगोपालझइस पुरानी पार्टी में सबसे शक्तिशाली तिकड़ी- निश्चित रूप से अपने चुनावी अभियान की अगुवाई इस पेशकारी से करेंगे भगवान के अपने देश में सब ठीक है और कांग्रेस अगले साल सत्ता में वापस आएगी।

सिवाय इसके कि दक्षिणी राज्य में मंथन चल रहा है और अरब सागर की फि जां इन दिनों कुछ बदली-सी है। पिछले हफ्ते कोचीन में हुए निवेशक शिखर सम्मेलन में भाजपा नेता पीयूष गोयल और केरल के मुख्यमंत्री और सीपीआई (एम) नेता पिनाराई विजयन को दिल खोलकर हंसते हुए देखा गया। कुछ ही दिनों बाद, सीपीएम ने केरल की अपनी सभी पार्टी इकाइयों को एक नोट भेजा, जिसमें बताया गया कि पार्टी मोदी सरकार को फासीवादी या नव-फासीवादी क्यों नहीं बता रही।

इसमें कोई संदेह नहीं कि यह टिप्पणी 6 मार्च को कोल्लम में होने जा रहे सीपीएम के 24वीं पार्टी सम्मेलन में बहस के केंद्र में होगी। कुछ लोगों का कहना है कि यह पार्टी में शक्तिशाली प्रकाश करात गुट द्वारा अपनाई कांग्रेस विरोधी नीति की वापसी है- पिछले सितंबर में सीताराम येचुरी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के बाद, जिन्होंने हमेशा विपक्षी एकता के लिए जोर दिया और मानते थे कि कांग्रेस पार्टी इसका धड़कता दिल है। इसलिए इन दिनों केरल में थरूर की महत्वाकांक्षाओं से बड़ा सवाल यह है कि क्या वामपंथी भाजपा के प्रति नरम रुख अपना रहे हैं? और क्या वे कोल्लम पार्टी सम्मेलन में भाजपा को नहीं, बल्कि कांग्रेस को वामपंथ का मुख्य राजनीतिक दुश्मन बताने की ओर लौटेंगेझ यह सब इसलिए क्योंकि राज्य में कांग्रेस के



नेतृत्व वाली यूडीएफ इसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी है?

तो कल्पना कीजिए कि इस सोच की कितनी संभावना है, खासकर जब भाजपा दक्षिण भारत में अपनी जगह बनाने के वास्ते कड़े प्रयास कर रही है। क्या विजयन और नरेन्द्र मोदी केरल में कांग्रेस को खत्म करने के वास्ते सच में एकजुट हो सकते हैं, भले ही यह पूरी तरह से पर्दे के पीछे हो? प्रिय पाठक, इस विचार को जरा यहीं थामकर रखें, क्योंकि अभी और भी बहुत कुछ बाकी है। हाल ही में इंडिया टुडे मूड ऑफ द नेशन सर्वे ने हैरान किया कि केरल में भाजपा का वोट शेयर हर दिन बढ़ रहा है- लोकसभा चुनाव में उसे 17 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन यदि आज चुनाव हों तो यह 24 प्रतिशत हो सकता है। और वोट शेयर में 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ वामपंथियों को नुकसान होगा।

आप कल्पना कर सकते हैं कि भाजपा इतनी खुश क्यों है। राजधानी दिल्ली समेत, उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में जीत हासिल करने के बाद- हिमाचल प्रदेश की चार सीटें अपने पास होने और पंजाब की 13 सीटों पर अगली नजर के साथ- उसे पता है कि अब दक्षिणी मोर्चे में भी सेंध लगाना जरूरी है। कुछ समय से तमिलनाडु पर ध्यान केंद्रित होने की वजह से जाहिर है केरल में विस्तार पर जोर कम रहा।

केरल के सर्वप्रिय गुरुवायूर मंदिर गृहक्षेत्र त्रिशूर से पिछले साल पूर्व अभिनेता सुरेश गोपी ने लोकसभा सीट जीतकर भाजपा के खिलाफ रही केरल की वर्जना को तोड़ा था। पार्टी का मानना है कि नायर समुदाय, जो कभी वामपंथियों की रीढ़ हुआ करता था, बहुत जल्द उसकी तरफ झुक जाएगा। भाजपा अपनी इन उम्मीदों में गलत नहीं है। यहां तक कि पिछले कुछ दशकों से केरल के मध्यवर्ग को कट्टर वामपंथी होने के बावजूद पास के मंदिर में जाकर दीया जलाने में कुछ भी गलत नहीं दिखता।

बड़ी समस्या, जाहिर है, यह है कि भाजपा के पास अभी भी राज्य में नेतृत्व करने के लिए कोई उचित चेहरा नहीं है- पूर्व आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर काफी पढ़े-लिखे हैं और थरूर से तिरुवनंतपुरम छीन भी सकते थे, सिवाय इसके कि उन्होंने ऐसा किया नहीं। इसलिए जब चार बार के कांग्रेस सांसद ने पिछले हफ़्ते कहा अगर पार्टी मेरी ताकत का इस्तेमाल करना चाहती है, तो मैं बना रहूंगा, अगर नहीं, तब मेरे पास दूसरे विकल्प हैं, तो पूरे देश में चटपटी राजनीतिक चर्चा छिड़ गई। तो क्या थरूर कांग्रेस छोड़कर भाजपा या वामपंथ में शामिल होंगे? क्या वे कांग्रेस के भीतर ज्यादा जगह बनाने को कसमसा रहे हैं, उदाहरण के लिए, मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनने की खातिर दबाव डालना? ऐसे में केरल की तिकड़ीझप्रियंका गांधी, राहुल गांधी और वेणुगोपाल- क्या थरूर को मनाने में भूमिका निभाएगी? क्या संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजनयिक भारतीयता के आकर्षण को त्यागकर न्यूयॉर्क वापस लौट जाएंगे, और अपनी 30वीं किताब लिखेंगे?

**यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष का विश्व दिवस -4 मार्च, 2025**

# यौन अत्याचारों के बढ़ने की त्रासदी पर लगाम लगे

यौन शोषण दुनिया के लिए बड़ी समस्या है, जो दुनिया भर में है। हालांकि कुछ देशों में महिलाएं अधिक असुरक्षित एवं यौन उत्पीड़न, शोषण एवं हिंसा की शिकार हैं, इनमें दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वी यूरोप और कुछ लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों शामिल हैं, भारत की स्थिति भी बहुत ज्यादा अच्छी नहीं कहीं जा सकती। वेश्यावृत्ति के उद्देश्यों के लिए इन क्षेत्रों की तस्करी वाली महिलाओं को आम तौर पर तथाकथित विकसित दुनिया के देशों में ले जाया जाता है। महिलाओं को इसी त्रासदी से मुक्ति दिलाने के लिये ही दुनियाभर में 4 मार्च को यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष का विश्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को यौन शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना है। दुनियाभर में महिलाओं और बच्चों के साथ रोजाना कई प्रकार के यौन शोषण के मामले सामने आते रहते हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि हर दिन औसतन आठ महिलाएं, लड़कियां और अक्सर युवा लड़कों का यौन शोषण किया जाता है।

यौन उत्पीड़न किसी भी प्रकार का अवांछित यौन प्रस्ताव, यौन पक्ष के लिए अनुरोध, यौन प्रकृति का मौखिक या शारीरिक आचरण या इशारा, या यौन प्रकृति का कोई अन्य व्यवहार है, जिसकी उचित रूप से अपेक्षा की जा सकती है या जिसे किसी अन्य के लिए अपमान या अपमान का कारण माना जा सकता है, जब ऐसा आचरण काम में बाधा डालता है, जो सहायता कर्मियों द्वारा साथी सहायता कर्मियों के विरुद्ध किया जाता है। यूनिसेफ ऐसे सभी प्रकार के यौन दुराचार, यौन उत्पीडन, अत्याचार और यौन हिंसा से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र यौन शोषण और यौन दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न और बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के बीच अंतर करता है। यौन शोषण एक यौन प्रकृति का वास्तविक या धमकी भरा शारीरिक अतिक्रमण है, चाहे बलपूर्वक या असमान या बलपूर्वक परिस्थितियों में, सहायता कार्यकताओं द्वारा उन बच्चों और परिवारों के खिलाफ किया जाता है जिनकी हम सेवा करते हैं।

यौन उत्पीड़न समाज में हर जगह पसरा है, कार्यस्थल, शैक्षणिक संस्थान और घर से लेकर धार्मिक स्थलों में महिलाएं एवं बालिकाएं असुरक्षित है। ग्रामीण इलाकों में 26 प्रतिशत महिलाएं, शहरी इलाकों में 21 प्रतिशत और उपनगरीय इलाकों में 18 प्रतिशत महिलाएं यौन उत्पीड़न की शिकार होती हैं। जो महिलाएं अपनी आय का मुख्य स्त्रोत टिप पर निर्भर रहती हैं, उनके यौन उत्पीड़न की संभावना दोगुनी होती है। कॉलेज के दो-तिहाई छात्र यौन उत्पीड़न का अनुभव करते हैं। 12-17 साल की उम्र के 1.6 प्रतिशत बच्चे बलात्कार या यौन उत्पीड़न के शिकार होते हैं। यौन उत्पीड़न का शिकार हुई चार किशोर बालिकाओं एवं बच्चों में से लगभग तीन यानी 74 प्रतिशत कोई ऐसी बालिका या बच्चे अपने ही किसी परिचित से हुए, जिसे वे अच्छी तरह से जानती थे। यौन शोषण कई तरह से किया जाता है, जैसे अवांछित यौन स्पर्श 49 प्रतिशत, साइबर यौन उत्पीड़न 40 प्रतिशत, अवांछित जननांग प्रदर्शन 30



प्रतिशत, शारीरिक रूप से पीछा किया जाना 27 प्रतिशत और यौन उत्पीड़न 23 प्रतिशत है।

यह दिवस देश एवं दुनिया में महिलाओं और बालिकाओं के साथ हो रहे यौन शोषण के मामलों पर लगाम लगाने के लिये जागरूकता की मुहिम है। इसका मुख्य उद्देश्य यौन शोषण और वेश्यावृत्ति में लिप्त महिलाओं को बचाकर उन्हें सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है। महिलाओं एवं बालिकाओं पर बढ़ते यौन अत्याचारों को देखते हुए यह प्रतीत होता है कि इक्कीसवीं सदी का सफर करते हुए तमाम तरह के विकास के वायदे खोखले साबित हो रहे हैं। भारत के लिये निश्चित रूप से यह चिंताजनक है और हमारी विकास-नीतियों पर सवाल भी उठाती है। बड़ा सवाल तो तब खड़ा हुआ जब सुप्रीम कोर्ट में पेश आंकड़ों के मुताबिक 2016 में ही देश भर में करीब एक लाख बच्चे यौन अपराधों के शिकार हुए। कितनी विडम्बना है कि देश में हम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाएं यौन शोषण का शिकार हो रही है। यह दाग एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? अच्छे भविष्य के लिए हम बेटियों की पढ़ाई से ही सबसे ज्यादा उम्मीदें बांधते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे हमारे संकल्प को बताते हैं, हमारी सदिच्छा को दिखाते हैं, भविष्य को लेकर हमारी सोच को जाहिर करते हैं, लेकिन वर्तमान की हकीकत इससे उलट है। वे पढ़ाई में अपने झंडे भले ही गाड़ दें, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की क्रूरताएं कई तरह की हैं। उसका मुख्य कारण है सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिकओ को भोग्या समझने की विकृत मानसिकता।

बालिकाओं के साथ होने वाली त्रासद एवं अमानवीय घटनाएं -निर्भया कांड, नितीश कटारा हत्याकांड, प्रियदर्शनी मट्ठू बलात्कार व हत्याकांड, जेसिका लाल हत्याकांड, रुचिका मेहरोत्रा आत्महत्या कांड, आरुषि मर्डर मिस्ट्री की घटनाओं में पिछले कुछ सालों में इंडिया ने कुछ और ऐसे मौके दिए जब अहसास हुआ कि भ्रूण में किसी तरह नारी अस्तित्व बच भी जाए तो दुनिया के पास उनके साथ और भी बहुत कुछ है बुरा करने के लिए। बहशी एवं दरिन्दे लोग ही बालिकाओं को नहीं नोचते, समाज के तथाकथित ठेकेदार कहे जाने वाले लोग और पंचायतें, तथाकथित राम-रहीम जैसे धर्मगुरु भी बालिकाओं की स्वतंत्रता एवं अस्मिता को कुचलने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं, स्वतंत्र भारत में यह कैसा समाज बन रहा है, जिसमें महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी यौन उत्पीड़न एवं हिंसक की त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने बार-बार हम सबको शर्मसार किया है। यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष का विश्व दिवस का यह अवसर इन त्रासद एवं क्रूर स्थितियों पर आत्म-मंथन करने का है, क्योंकि बालिकाओं एवं महिलाओं के समावेश, न्याय व सुरक्षा की स्थिति को बताने वाले वैश्विक शांति व सुरक्षा सूचकांक के 177 देशों में भारत का 128वां स्थान है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के विरूद्ध अपराध में राष्ट्रीय औसत 66.4 प्रतिशत है। राजधानी दिल्ली का स्थान 144.4 अंकों के साथ सर्वोच्च है। माना जाता है कि 90 प्रतिशत यौन उत्पीड़न जान-पहचान के व्यक्ति ही करते हैं। यानी बालिकाएं अपने ही घर या परिचितों के बीच सबसे ज्यादा असुरक्षित है।

बालिकाओं एवं महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध, खासतौर पर यौन अपराध के ज्यादातर मामले सामने नहीं आ पाते, विशेषतः बालिकाएं समझ ही नहीं पाती कि उनके साथ कुछ गलत हो रहा है। अगर वे समझती भी हैं तो डांट के डर से अभिभावकों से इस बारे में बात नहीं करती हैं। महिला एवं बाल विकास कल्याण मंत्रालय के अध्ययन में भी यही बात सामने आई है। बालिकाओं पर बढ़ रहे यौन अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बालिकाओं एवं बच्चों से खुलकर बात करें। उनकी बात सुने और समझें। अगर बालिकाओं एवं बच्चे कुछ ऐसा बताते है तो उसे गंभीरता से लें। इस समस्या को हल करने की कोशिश करें। पुलिस में बेझिझक शिकायत करें। बालिकाओं एवं बच्चों को गुड टच-बैड टच के बारे में बताएं- बालिकाओं एवं बच्चों को बताएं कि किस तरह किसी का उनको छूना गलत है। बालिकाओं के आस-पास काम करने वाले लोगों की पुलिस वेरिफिकेशन होनी चाहिए। जब कोई अपराध करता हुआ पकड़ा जाता है तो उसे फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए। अपराधियों को जल्द सजा समाज में सख्त संदेश देती है कि ऐसा अपराध करने वाले बच नहीं सकते। बालिका एवं बच्चों के यौन अपराधियों को सजा देने के लिए खास कानून है- पॉक्सो यानि प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफिंसेस। इस कानून का मकसद बालिकाओं एवं बच्चों के साथ यौन अपराध करने वालों को जल्द से जल्द सजा दिलाना है, इस कानून का सही परिप्रेक्ष्य में तत्परता से पालन होना चाहिए।

# सरकार ने दिया शिक्षकों को तोहफा, गंभीर रोग होने पर मिलेगी एक लाख की मदद, बेटी की शादी पर भी मिलेंगे पैसे

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

लखनऊ। यूपी सरकार ने प्रदेश के माध्यमिक शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। अब शिक्षकों की गंभीर रोग के इलाज के लिए एक लाख रुपए की राशि मिलेगी।

प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को राष्ट्रीय अध्यापक कल्याण प्रतिष्ठान कोष की ओर से दी जाने वाली सहायता राशि में संशोधन किया गया है। इसके तहत मृत शिक्षकों की बेटियों के विवाह के लिए आर्थिक अनुदान राशि दस हजार से बढ़ाकर एक लाख और गंभीर रोग से ग्रस्त शिक्षक को 30 हजार की जगह एक लाख की आर्थिक मदद दी जाएगी।

शासन ने इसके लिए राष्ट्रीय अध्यापक कल्याण प्रतिष्ठान की नियमावली में संशोधन कर दिया है। इसके तहत गंभीर रोग से ग्रस्त शिक्षकों के प्रकरण पर मंत्री के अनुमोदन से एक सप्ताह में तत्काल 50 हजार की सहायता दी जाएगी। इसके बाद विशेष परिस्थितियों में अतिरिक्त




सहायता राशि भी प्रदान की जाएगी। इसके लिए आवेदक को सक्षम अधिकारी का प्रमाणपत्र देना होगा।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसे शिक्षकों व उनके आश्रितों की सहायता के लिए आवेदनपत्र ऑनलाइन लिए जाएंगे। इसके लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा। इस पर आने वाले आवेदन को एक निर्धारित समय में निस्तारित करना होगा। इसके लिए एक तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया जाएगा। इसी क्रम में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों से झंडा शुल्क दो रुपये के स्थान पर पांच रुपये और कक्षा नौ से 12 के छात्रों से 10 रुपये सहयोग राशि ली जाएगी।

दीपक कुमार ने यह भी कहा है कि गंभीर रोग से ग्रस्त शिक्षकों की चिकित्सीय सहायता व उनके आश्रित बेटियों के विकास के लिए दी जाने वाली सहायता राशि के लिए कोष बढ़ाना भी जरूरी है। इसके तहत शिक्षकों से शिक्षक दिवस पर ली जाने वाली सहयोग राशि को 100 रुपये किए जाने पर निर्णय शिक्षक संगठनों से वार्ता के बाद लिया जाएगा। वहीं प्रकोष्ठ के संचालन के लिए सहायक सचिव, लेखाकार, कंप्यूटर सहायक व परिचारक पद पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मानदेय पर रखा जाएगा।

# गर्ग ने सार्वजनिक की लोहागढ़ में लोगों को दिए गए नोटिस की कॉपी, जूली बोले- तानाशाही की हद है

जयपुर । लोहागढ़ फोर्ट में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के जिस मामले में झूठ बोलने का आरोप लगाकर सरकार विधायक सुभाष गर्ग के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाई है, गर्ग ने उसी मामले में नोटिस की कॉपी सार्वजनिक की।



विधानसभा में सोमवार को सरकारी मुख्य सचेतक ने आरएलडी विधायक सुभाष गर्ग पर सदन में गलत तथ्य पेश करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश कर दिया। इसके बाद स्पीकर ने ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर उसे विशेषाधिकार हनन समिति को रैफर कर दिया। गर्ग ने इस प्रस्ताव को रखते हुए कहा था कि गर्ग ने सदन में झूठ बोला है कि लोहागढ़ फोर्ट में लोगों को धमकाया जा रहा है और प्रशासन की तरफ से वहां रहने वाले लोगों को अतिक्रमी बताकर नोटिस दिए जा रहे हैं, जबकि प्रशासन की तरफ से ऐसा कोई नोटिस नहीं दिया गया। फोर्ट के बाहर रहने वाले 22 लोगों को ही नोटिस दिए गए हैं। इसके बाद सुभाष गर्ग ने सदन से बाहर आकर अपने आरोपों के संबंध में तथ्य पेश करते हुए नोटिस की कॉपी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने कुछ वीडियो फुटेज भी सार्वजनिक किए, जिसमें लोहागढ़ फोर्ट में रहने वाले लोग प्रशासन पर इस तरह के आरोप लगा रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी मीडिया से बात करते हुए विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव की निंदा की। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर आज एक और काला अध्याय जुड़ गया है। जूली बोले कि ऐसा विधानसभा के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव को लेकर किसी विधायक के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया गया हो। जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस चीज को संज्ञान में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह तानाशाही की हद है। इसका मतलब आपके खिलाफ मीडिया बोलता है तो उसे बंद कर दो और विधायक बोलता है तो उसके खिलाफ विशेषाधिकार का नोटिस दे दो।

# उद्यमियों ने कहा-सौ करोड़ का राजस्व देते हैं बदले में कोई सुविधा नहीं

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। लखनऊ हाईवे पर फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों को यूनिवर्सिटी चौराहे से फतेहगंज पूर्वी तक स्ट्रीट लाइट न होने से असुविधाएं झेलने के साथ आवागमन में जोखिम उठाना पड़ रहा है। फरीदपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने इस पर उद्योग विभाग के उपायुक्त को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी सरकार को हर साल सौ करोड़ से ज्यादा राजस्व देते हैं, फिर भी उन्हें मामूली सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र 1980 में बना था। काफी समय बिजली आपूर्ति न होने से जनरेटर से इकाइयों को चलाया जाता रहा। वर्ष 2006 में एक उद्यमी के जमीन देने के बाद बाकी उद्यमियों ने चंदा किया तो औद्योगिक फीडर लग पाया। अब नकटिया से फतेहगंज पूर्वी तक करीब 40 किमी में 200 के लगभगऔद्योगिक इकाइयां फ्री होल्ड भूमि पर चल रही हैं। नकटिया से इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी तिराहे तक स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं, लेकिन यूनिवर्सिटी तिराहे से फतेहगंज पूर्वी तक करीब 30 किमी तक एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं है। इससे उद्यमियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। फरीदपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने अब उपायुक्त उद्योग विकास यादव को पत्र लिखकर इन्वर्टिस चौराहे से फतेहगंज पूर्वी तक डिवाइडर पर स्ट्रीट लाइटें और तिराहे पर हाईमास्ट लाइटें लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी साल भर में सौ करोड़ से ज्यादा का राजस्व सरकार को देते हैं लेकिन फिर भी उनकी समस्या नहीं सुनी जा रही है। वह यह समस्या जिला उद्योग बंधु की बैठक में भी उठा चुके हैं।

एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी चौराहे से फतेहगंज पूर्वी तक स्ट्रीट लाइट और चौराहे पर हाईमास्ट लाइट, सड़क किनारे रिफलेक्टर और कैमरे लगाने की मांग की है ताकि उद्यमियों के साथ उनके श्रमिकों और कर्मचारियों का आवागमन सुरक्षित हो सके। स्ट्रीट लाइट लगने से उद्योग आठ के बजाय 12 घंटे प्रोडक्शन करने लगेंगे।

## महाकुंभ में स्वच्छता निगरानी में हुई लापरवाही पर चिकित्सक निलंबित, डिप्टी सीएम ने की कार्रवाई

लखनऊ। महाकुंभ डॉ. यादव ने मौनी अमावस्या के अमृत स्नान 29 जनवरी के बाद मेला क्षेत्र के सेक्टर-6 में स्थापित शौचालयों की साफ-सफाई इत्यादि की व्यवस्था का सही तरीके से पर्यवेक्षण नहीं किया।

महाकुंभ में स्वच्छता निगरानी में लापरवाही बरतना एक डॉक्टर को महंगा पड़ा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लापरवाह डॉक्टर को निलंबित करते हुए, निलंबन के दौरान उन्हें अयोध्या मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय से संबद्ध किया गया है। साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को विभागीय कार्यवाही भी शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

महाकुम्भ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक हुआ। मेला क्षेत्र में संक्रामक रोगों से निपटने के पर्याप्त प्रबंध किए गए थे। इसके लिए प्रदेश भर से स्वास्थ्य सेवाएं जुटाई गईं थी। विभिन्न जनपदों के चिकित्साधिकारियों, पैरामेडिकल एवं अन्य स्टाफ की तैनाती प्रयागराज में की गई थी। अमेठी के डॉ. सुनील यादव की तैनाती मेला क्षेत्र सेक्टर-6 में की गई थी। किन्तु डॉ. यादव ने मौनी अमावस्या के अमृत स्नान 29 जनवरी के बाद मेला क्षेत्र के सेक्टर-6 में स्थापित शौचालयों की साफ-सफाई इत्यादि की व्यवस्था का सही तरीके से पर्यवेक्षण नहीं किया। जिससे संकामक रोगों के फैलने की आशंका थी। जबकि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को खुले में शौच मुक्त रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में शौचालयों की स्थापना की गई थी। इस संबंध में उच्च स्तर पर बैठक के माध्यम से निर्देश दिये गए थे। डॉ. सुनील यादव ने लापरवाही करते हुए समुचित मात्रा में शौचालयों की स्थापना के लिए साईटिंग उपलब्ध नहीं करायी थी।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना को गंभीरता से लिया। काम में लापरवाही बरतने पर डॉ. सुनील को निलम्बित कर दिया है। साथ ही अयोध्या के मण्डलीय अपर निदेशक कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया। इस संबंध में प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को डॉ. सुनील के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए हें।

# सामलिया फॉर्म हाउस पर ब्रज के पत्रकारों ने फूलों से खेली होली



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट, उपज के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का शुभारंभ चिंतामणी कुंज आश्रम के महामंडलेश्वर डॉक्टर आदित्यनाथ गिरी जी महाराज ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। ब्रज के पत्रकारों ने फूलों से होली खेलकर एक दूसरे को बधाई दी। राधा और कृष्ण सुंदर झांकियों ने होली के रसिया गानों पर नृत्य करके सबका मन मोह लिया। उपज के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने कहा कि ब्रज की होली प्रेम और समरसता की विश्व प्रसिद्ध होली है जो बसंत ऋतु में 40 दिन तक खेली जाती है । कार्यक्रम में ब्रज के कलाकारों ने होली के रसिया और काव्य पाठ से समा बांध दिया। उपज के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल और सामलिया फॉर्म हाउस के चेयरमैन यशवीर सिंह राघव ने सभी अतिथियों और पत्रकारों का बांके बिहारी और पटुका पहना कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान ने किया। उपज के पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष विजय सिंघल ने कहा, पत्रकार फूलों की होली में भक्ति रस में सराबोर नजर आये होली के भजन गाते हुए नृत्य किया। साहूकार शर्मा, वीरेंद्र सिंह छौंकर, विपिन अग्रवाल, तुलसीराम,राजू, असकर, शैलेन्द्र मिश्रा, सुनील राज, टाइम्सलर खुराना,सोनम कुमारी, आदि रहे।

# भीकेयू भानु के पदाधिकारी ने ओलावृष्टि, फसल की नुकसान के लिए सरकार से मुआवजे की मांग



मथुरा के भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारियों ने तेज आंधी के कुछ देर बाद बारिश और ओले गिरना शुरू हो गए, जिससे गेहूं, सरसों और आलू की फसल में भारी नुकसान है। राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश चौधरी व जिला अध्यक्ष देवेंद्र पहलमान व महानगर अध्यक्ष विजय सिंघल ने किसानों ने सरकार से सर्वे करा मुआवजे की मांग की है। जानकारी अनुसार रायपुर, फरीदमपुर, भैरई, मुसमुना, ,मनीगढ़ नानकपुर,, शल्ल जरैलिया, तिलकागढ़ी ,मुडलिया घसियागढ़ी ,बाजना, मानागढ़ी सहित क्षेत्र के अन्य गांवों में तेज आंधी के साथ बारिश के बाद ओलावृष्टि हुई, जिससे गेंहू की फसल खेतों में बिछ गई और ओलावृष्टि से सरसों की फसल का फूल झड़ गया और आलू की फसल में भी नुकसान है। अचानक हुई बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की सरवट साफ दिखाई दे रही हैं।आंधी से कई विशालकाय पेड़ भी धाराशाई हो गये और शादी के लिए लगे टेंट भी तहस-नहस हो गए। मार्च माह के शुरूआत में हुई बेमौसम आंधी, बारिश व ओलों से किसानों की फसल चौपट हो गई है। किसानों ने बताया कि गेंहू फसल के लिए सालभर इंतजार करते हैं लेकिन तेज आंधी, बारिश व ओलावृष्टि से फसल पूरी तरह चौपट हो गई है ।बेमौसम हुई बारिश व ओलावृष्टि से किसान खून के आंसू रोने को मजबूर हैं। किसानों ने बताया कि बेमौसम बरसात से हुए गेंहू की फसल में नुकसान से गेंहू की उत्पादन क्षमता कम होगी। भारतीय किसान यूनियन के हरीश थैंनुआ, देवेंद्र पहलमान, शैलेंद्र मिश्रा,, राजू, विजय सिंघल व लक्ष्मी नारायण आदि किसान यूनियन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सामिल रहे।

## वृंदावन पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, यमुना मैया का किया पूजन



मथुरा। व्रन्दावन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने आध्यात्मिक प्रवास के दौरान वृंदावन पहुंचे। यहां उन्होंने ठाकुर जी के दर्शन किए। उन्होंने रुक्मणि विहार स्थित एक आश्रम में भी समय बिताया और संतों से आशीर्वाद लिया। इसके बाद, ओम बिरला केसी घाट पहुंचे, जहां उन्होंने यमुना माता की पूजा-अर्चना की और घाट की पवित्रता का अनुभव किया। इस दौरान उन्होंने संतों और स्थानीय भक्तों से बातचीत की और क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को समझा। शरद गोस्वामी ने उन्हें पूजन कराया। लोकसभा अध्यक्ष के आगमन पर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और उनके साथ कई स्थानीय अधिकारी एवं गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# व्रन्दावन में महिला ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। वृंदावन में एक महिला ई-रिक्शा चालक ने ट्रैफिक पुलिस पर अवैध वसूली और बांकेबिहारी पुलिस चौकी इंचार्ज पर बदसलूकी के आरोप लगाए हैं। पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने हरि निकुंज चौराहे पर खुद को और अपने ई-रिक्शे को आग लगाने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वृंदावन निवासी महिला पुष्पा देवी ने कहा कि अगर उसे कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार ट्रैफिक पुलिस और चौकी इंचार्ज होंगे। एक युवक ने घटना का वीडियो बनाया जिसे पुलिसकर्मियों ने जबरन डिलीट करवा दिया, लेकिन कुछ अन्य लोगों ने इसे रिकॉर्ड कर लिया। मामला शांत होने के बाद भी पुलिस ने महिला के ई-रिक्शा के टायर पंचर कर दिए, जिससे उसकी रोजी-रोटी पर असर पड़ा। शैलेश कुमार पांडेय, डीआईजी/एसएसपी मथुरा ने कहा, मामला संज्ञान में आया है। महिला ने जो आरोप लगाए हैं, उनकी जांच कराई जाएगी। जांच में जो दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। रवि त्यागी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वृंदावन ने कहा, महिला चालक ई-रिक्शा निर्धारित मार्ग पर नहीं चला रही थी। रोकने पर हंगामा कर दिया। पुलिस पर जो आरोप लगाए हैं वह निराधार हैं।

# ऑनलाइन गेम, जिसने रातों रात बना दिया करोड़पति, संत प्रेमानंद के पास पहुंचा युवक; बोला- जिंदगी हो गई बर्बाद

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा के वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज की शरण में ऐसा युवक पहुंचा, जो ऑनलाइन गेमिंग का महारथी रहा। पीड़ित ने बताया कि इस गेम ने उसे रातों रात करोड़पति बना दिया। इस गेम की उसे इस कदर लत लग गई, कि अब वो करोड़ों रुपये का कर्जदार बन गया है। संत के सामने इस युवक की अपनी पीड़ी बयां की। संत ने युवक को सलाह दी कि सट्टा और ऑनलाइन गेमिंग से दूर रहें। युवक ने महाराज जी से भावुक अपील करते हुए कहा कि महाराज, मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई है। कृपया ऐसा कुछ करें जिससे मेरी लत छूट जाए। इस पर प्रेमानंद महाराज ने उसे संयम रखने और सट्टा छोड़ने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हम प्रमाद की स्थिति में रहते हैं। जब तक यह नहीं छोड़ा जाएगा, तब तक मुक्ति नहीं मिलेगी। महाराज जी ने बताया कि सट्टा और जुए की लत न केवल व्यक्ति को आर्थिक रूप से बर्बाद कर देती है बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी कमजोर कर देती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाएं और इस तरह की गलत आदतों से बचें।



## पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में हुई अमन कमेटी की गोष्ठी

# आगामी होली व ईद के त्योहारों पर हुई विशेष चर्चा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद ।आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस अधीक्षक विद्या शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में अमन कमेटी के लिए गोष्ठी कोतवाली परिसर में आयोजित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अक्सर लोग ऐसे मामलों में भी पुलिस को कॉल कर देते हैं जो मामले आपसी सहमति से बैठकर आसानी से निपटाए जा सकते हैं। परंतु पुलिस फिर भी उन तक पहुंचती है और उनकी समस्याओं को दूर करती है। डायल 112 की अधिक सक्रियता से अपराधों पर नियंत्रण की बात कहते हुए उन्होंने साइबर अपराध पर भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया और उससे बचने के उपाय भी उन्हें बताए । शाहबाद क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण के लिए उन्होंने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत की भी तारीफ करी और व्यापारियों की मांग पर शीघ्र ही रामपुर चौराहे पर पिंक बूथ को प्रारंभ करने की बात भी कही। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत, निरीक्षक जयप्रकाश, निरीक्षक संजय सिंह, उप निरीक्षक आदेश कुमार, उप निरीक्षक दिलीप कुमार, ढकिया चौकी प्रभारी मनोज चौधरी, दिवाकर सिद्धू, अमित कुमार सहित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता, महामंत्री गौरे खान, कोषाध्यक्ष गुलबकार शम्सी, शावेज खान, अन्नु रावत, अमित कुमार, मंजू लता शर्मा, सदाकत अली, महेश गुप्ता, करण सिंह, इंजमाम उल हक, नीरज, शाहनवाज खान सहित अनेकों लोग रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारित कराने पर दिया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो




चित्रकूट ब्यूरोः राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद में कार्यरत समस्त नोडल अधिकारियों व प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ चतुर्थ चरण की बैठक आयोजित की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव सिविल जज सचिन कुमार दीक्षित ने बताया कि बैठक में जनपद न्यायाधीश ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा वाद, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, राजस्व वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, आमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। जिला जज ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनको लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें।

इस मौके पर राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी आरके पाठक, जिला विकास अधिकारी सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला ग्राम उद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार, नेडाधीक्षक एके श्रीवास्तव, सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

# बीच रोड पर खड़ा बिजली का खंबा दुर्घटना को दे रहा न्योता

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर



ललितपुर नाराहट ललितपुर जिले के कस्बा नाराहट में महरौनी नाराहट टू लाइन बन रही है जिसमें नाराहट थाने के पास तिराहे पर अभी काम चल रहा है कि थाने तिराहे पर बीच रोड पर बिजली का खंबा दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है। रोड का काम चल रहा है और बीच तिराहे पर बिजली का खंबा लगा हुआ है जिससे वाहनो को निकलने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और कभी भी खंभे से टकरा कर कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है। इस ओर ना तो सड़क विभाग वाले कोई ध्यान दे रहे और ना विद्युत विभाग वाले अगर ऐसा ही चलता रहा तो कोई बड़ी घटना होने में देर नहीं लगेगी। बीच तिराहे पर जो एक लाइन डाली गई उसी लाइन के बीचों बीच खंबा खड़ा है और उसके पास ही नाला निकला हुआ है जिसकी वजह से बहा एक खाई सी बनी हुई है।

और दूसरी पटरी का निर्माण चालू कर दिया।जिससे बहा निकलने वाले वाहन वाले अपनी जान जोखिम में डाल कर निकल रहे, सड़क विभाग वालो ये भी मुनासिब नहीं समझ रहे बहा पर मिट्टी डाल कर हाल में वैकल्पिक व्यवस्था ही कर दे। अगर खंभे का जल्द से जल्द स्थानांतरण नहीं होता तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# बुनियादी एवं पूर्व शिक्षा के उन्नयन के लिए हुआ टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



पहाड़ी, चित्रकूटः ब्लाक संसाधन केंद्र पहाड़ी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में बुनियादी एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन के लिए सोमवार को ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम हमारा आंगन, हमारे बच्चे का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व वंदना कर किया गया।

कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय कुमार पाण्डेय व खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शशांक शेखर शुक्ला ने लर्निंग कार्नर एवं टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान शिक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने प्री-प्राइमरी शिक्षा में राज्य के प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई। शिक्षक मयंक पटेरिया ने पूर्व प्राथमिक स्तर पर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों यथा बाल वाटिका, माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम, स्कूल रेडीनेस के सन्दर्भ में विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भी अपने रचनात्मक कक्षा शिक्षण को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समस्त संकुलों के पाँच-पाँच निपुण बच्चों को उनके अभिभावकों सहित पुरस्कृत किया गया।

इस मौक के पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय ओरा प्रधानाध्यापक सर्वजीत सिंह, एआरपी पुष्पेंद्र सिंह, कधई प्रसाद, प्रमोद कुमार, कमलेश परिहार, शिवप्रेम याज्ञिक, कार्यालय सहायक प्रयाग नारायण मिश्र, नवनीत मिश्र, राजेन्द्र कुमार, दलवीर सिंह, संतोष कुमार, विकास खण्ड पहाड़ी में संचालित समस्त को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा बाल वाटिका के लिए नामित नोडल शिक्षक व शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ सफल आयोजन

ललितपुरः आज दिनाँक 28.02.2025 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर माय भारत नेहरु युवा केन्द्र ललितपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनपद के पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, पनारी में विज्ञान प्रदर्शनी तथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा0 महेश कुमार झा ने बताया की इस दिन को विशेष रूप से भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन की रमन प्रभावर की खोज की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। लेखा एवं कार्यक्रम सहायक विकास चौरसिया ने इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के केंद्रीय विषय विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनानार पर युवाओ से चर्चा की। कार्यक्रम के तहत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शोधकताओं ने अपनी नवीनतम परियोजनाओं और वैज्ञानिक शोध को प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में विभिन्न विज्ञान के क्षेत्र जैसे पर्यावरण, ऊर्जा, चिकित्सा विज्ञान, और कृषि में किए गए अनुसंधानों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप सहायक प्रवक्ता प्रसन्ना, सुख साहब, कैलाश, युवा मण्डल अड़वाहा के अध्यक्ष अजय कुमार, नीरज इत्यादि उपस्थित रहे।

## कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 18 तक

चित्रकूट ब्यूरोः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान (एलसीडीसी) का द्वितीय चरण चल रहा है। जो एक से 18 मार्च तक मनाया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने वर्चुअल बैठक लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को इस अभियान के सम्बन्ध में जानकारी दी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान एक मार्च से 18 मार्च तक घर-घर चलाया जायेगा। इस अभियान के अन्तर्गत कुल 855 टीमें एवं 43 पर्यवेक्षक लगाये गये है। जिला कुष्ठ अधिकारी ने कुष्ठ के लक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि जिन लोगों की त्वचा दाग-धब्बे पड़े है तथा उनका रंग त्वचा के रंग से हल्का या गाढ़ा है, उन्हें निश्चित रूप से कुष्ठ रोग हो सकता है। साथ ही बताया कि ऐसे मरीजों के हाथ-पैर में झुनझुनाहट, हाथ-पैर की नशों में दर्द एवं मोटापन, चहरे और कान में गाठे भी हो सकती है। यह सभी कुष्ठ रोग के लक्षण है। उन्होंने बताया कि इसका उपचार समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क होता है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत टीम के सदस्य घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान करेंगे।

इस मौके पर जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ संतोष कुमार सहित समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपमुख्य चिकित्साधिकारी, ब्लॉक चिकित्साधीक्षक, स्वास्थ्य कर्मी एवं एएनएम आदि मौजूद रहे।

## ई-लाटरी छह को

चित्रकूटः लाईसेंस प्राधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि आगामी छह मार्च को प्रथम चरण की ई-लाटरी आरजे ऑडिटोरियम सोनपुर में शाम चार से 5:45 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें संपूर्ण परिसर में केवल आवेदक द्वारा ही प्रवेश किया जाएगा। इसके लिए परिसर के गेट पर पहचान की जाएगी। पहचान के लिए आवेदक का ई-लॉटरी पोर्टल से निर्गत फोटो युक्त पंजीकरण स्लिप मान्य होगा। किसी भी व्यक्ति को शस्त्र लेकर परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

# पुलिस ने चलाया जांच अभियान

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सभी थाना की पुलिस टीमों ने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक, वित्तीय संस्थानों में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंक में सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया गया तथा ड्यूटि में तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया गया तथा शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी। अभियान के दौरान बैंक परिसर में मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर किया गया।

# यूथ पार्लियामेंट आयोजन के लिए जेआरडीएसयू को किया गया चयनित

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 के आयोजन के लिए जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय को चयनित किया गया है। यह आयोजन नेहरू युवा केंद्र एवं विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आगामी 10 से 17 मार्च के मध्य किया जाना प्रस्तावित है।

कार्यक्रम अधिकारी एसपी मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में जनपद के 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा मायभारत पोर्टल पर विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के मेगा इवेंट द्वारा निर्देशित विषय पर एक मिनट की वीडियो अपलोड करते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभा कर सकते है। पंजीकरण की अंतिम तिथि नौ मार्च निर्धारित है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय ने इस कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के चयनित होने पर हर्ष जताया है। चित्रकूट जनपद की जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आनन्द कुमार को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिम्मेदारी प्रदान की गयी है।

# आठ मार्च को किया जाएगा वृहद सम्मान समारोह का आयोजन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः आगामी आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के सम्बन्ध में सोमवार को चित्रकूट स्पोर्ट क्लब के पदाधिकारियों ने अटल पार्क में बैठक का आयोजन किया। जिसमें आगामी आठ मार्च को महिलाओं को सम्मानित करने के लिए वृहद सम्मान समारोह आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक वृहद सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले के समस्त उच्च अधिकारियों, सम्मानित जनप्रतिनिधियों, एवं गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को क्लब द्वारा चित्रकूट महिला रत्न-2025 सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा एवं कार्य योजना को अंतिम रूप प्रदान किया गया। साथ ही समारोह का संयोजक क्लब के संरक्षक तुषार कांत शास्त्री को बनाया गया।

इस मौके पर क्लब के मुख्य संरक्षक पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक गुप्ता, संरक्षक प्रेम शंकर शुक्ला, राम मनोहर वर्मा, अशोक सेन, अशोक प्रजापति, महेश प्रजापति, साकेत बिहारी शुक्ला, गीत श्रीवास्तव, शशि भूषण सिंह, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## ऑटो में टप्पेबाजों ने पार किया महिला का जेवर से भरा बैग

चित्रकूटः टप्पेबाजी का शिकार हुए पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। बांदा जिले के अतर्रा तहसील के महुटा गांव के निवासी विष्णुशंकर पाण्डेय ने बताया कि वह बीती 28 फरवरी को अपनी बहन राजोल कुमारी के साथ दोपहर के समय एक सीएनजी ऑटो में बैठकर मानिकपुर जा रहे थे। जिसमें उनकी बहन का जेवर से भरा बैग ऑटो चालक ने पीछे रखवा दिया था। इस दौरान रास्ते में बैग को काटकर अंदर रखा गहनों वाला बैग चोरी कर लिया गया। इसके बाद मानिकपुर में उन लोगों को उतारकर चालक ऑटो लेकर वापस लौट गया। गाड़ी से उतरने के बाद उन्हें पता चला कि गहनों से भरा बैग चोरी हो चुका है। जिसकी सूचना उन्होंने कर्वी कोतवाली एवं मानिकपुर थाने में की है।

# झांसीपुरा स्थित कांसीराम पार्क से हटेगा अवैध कब्जाः नोडल अधिकारी अमृत त्रिपाठी

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर



ललितपुर। सीईओ, बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण/नोडल अधिकारी अमृत त्रिपाठी (आईएएस) ने शहर के झांसीपुरा वार्ड का पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया एवं सुपरमार्केट स्थित गवर्मेन्ट कैप्टिव प्लेटफार्म का औचक निरीक्षण किया, इसके साथ ही राजकीय बाल गृह (बालक), दैलवारा का निरीक्षण किया।

1-झांसीपुरा

नोडल अधिकारी ने शहर के जेल चौराहा स्थित झांसीपुरा वार्ड में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक व मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय के साथ पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मा0 प्रभारी मंत्री जी के द्वारा पूर्व में किये गए निरीक्षण में इंगित कराये गए बिंदुओं पर कार्यवाही के बारे में पूछा, जिस पर बताया गया कि मा0 प्रभारी मंत्री जी के द्वारा वार्ड से निकले नाले पर टूटे हिस्से को बंद करने के निर्देश दिये गए थे, जिसे आरसीसी से बंद करा दिया गया है, जिसका मौके पर अवलोकन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान एक मकान से पानी का पाइप रास्ते में लटकता हुआ पाया गया, जिसे व्यवस्थित करने के निर्देश दिये गए। आगे बढ़ते समय नाले के कुछ हिस्से पुनः खुले पाये गए, मोहल्लेवासियों ने बताया कि यहां अक्सर वाहन नाले में गिरते रहते हैं, जिस पर नोडल अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को वार्ड से निकले नाले का सर्वे कर खुले हिस्सों को जाल से ढकवाने के निर्देश दिये। साथ ही वार्ड में नियमित रुप से साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिये गए।

निरीक्षण के दौरान वार्ड की महिलाओं के द्वारा कांसीराम पार्क पर मैरिज गार्डन संचालक के द्वारा अवैध रुप से कब्जा करने की शिकायत की गई, जिस पर नोडल अधिकारी ने जिलाधिकारी महोदय को निर्देशित किया कि जांच करायें और यदि अवैध कब्जा पाया जाता है तो सम्बंधित मैरिज गार्डन संचालक के विरुद्ध भूमाफिया की कार्यवाही कर पार्क को कब्जामुक्त कराया जाए।

बयाना नाला के पास मुख्य मार्ग पर एक सरकारी एम्बुलेंस खड़ी पायी गई, जिस पर नोडल अधिकारी ने उक्त एम्बुलेंस को खुलवाकर देखा और मुख्य विकास अधिकारी को मौके पर रुककर सीएमओ के माध्यम से एम्बुलेंस की स्थिति व उपकरणों की जांच कराने के निर्देश दिये गए।

2-गवर्नेन्ट कैप्टिव प्लेटफार्म

इसके उपरान्त नोडल अधिकारी ने सुपर मार्केट स्थित गवर्मेन्ट कैप्टिव प्लेटफार्म का निरीक्षण किया। मौके पर जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी को अवगत कराया कि जीसीपी के माध्यम से शहर के कई इलाको में वायरलेश नेटवर्क बन चुका है, साथ ही घंटाघर पर पहले फ्री वाईफाई की स्थापना हो चुकी है, शेष स्थानों पर फ्री वाईफाई स्थापित कराये जा रहे है। जीसीपी के माध्यम से शहर में 13 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गए हैं तथा पुलिस के 9 कैमरे भी इससे लिंक किये गए हैं। इससे जनपद में एक पब्लिक एड्रेस नेटवर्क बनेगा, जनशिकायतों की सुनवाई व निस्तारण हेतु टोलफ्री नम्बर 1533 व 14420 का संचालन किया जा रहा है। कचरा प्रबंधन/एफएसएसएम वाहनों की ट्रेकिंग हेतु वाहनों में जीपीएस सिस्टम व साउण्ड सिस्टम लगाये गए हैं। इसके अलावा प्रतियोगी छात्राओं के लिए 800 से अधिक परीक्षाओं के फ्री टेस्ट सीरीज भी उपलब्ध है। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिये कि जीसीपी के माध्ये से पब्लिक के लिए इमरजेंसी में दवाएं व एम्बुलेंस आदि की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाये और एम्बुलेंस आदि की लाइव लोकेशन भी पब्लिक को की जाए। इसके अलावा जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु व्हाट्सएप कम्प्लेंट सिस्टम भी डेवलप किया जाए।

नोडल अधिकारी ने जिलाधिकारी के निर्देशन में स्थापित गवर्मेन्ट कैप्टिव प्लेटफार्म की प्रशंसा की और कहा कि यह एक मोडल के रुप में ख्याति प्राप्त करेगा, उन्होंने निर्देश दिये कि इसके भविष्य में संचालित होते रहने के लिए अधिकारियों व पब्लिक को इसके प्रति सेन्सटाइज किया जाए तथा इसके संचालन में नगर पालिका के साथ प्राईवेट संस्था को भी शामिल किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश विश्वकर्मा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

3-राजकीय बाल गृह(बालक), दैलवारा

इसके उपरान्त नोडल अधिकारी ने राजकीय बाल गृह(बालक), दैलवारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था के कमरो, मनोरंजन कक्ष, शिक्षण कक्ष, शौचालयों, स्नान गृहो एवं रसोई कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं-चिकित्सा, शिक्षा, खानपान, खेल, व्यायाम आदि के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिये गए कि बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए, साथ ही समय-समय पर बाल संरक्षण समिति द्वारा निरीक्षण किया जाए ताकि बच्चों को कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि बच्चों को योग एवं व्यायाम कराया जाए, ताकि वे स्वस्थ रहें। इसके अलावा उन्होंने बच्चों को हुनरमंद बनाने हेतु कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण दिलाये जाने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान सम्प्रेक्षण गृह में कुल 12 किशोर संस्था में निवासरत पाये गये। संस्था के रिकार्डो का अवलोकन किया गया। संस्था में सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगे है। निरीक्षण में संस्था में निरूद्ध किशोरो का शैक्षिक स्तर परखा गया एवं संस्था की समस्त व्यवस्थाओं के बारे में पूंछा गया। जिस पर बताया गया कि संस्था में प्रत्येक बच्चे के लिए अलग-अलग बिस्तर, कम्बल, तकिया कपड़े दिये जाते है।

# ISI के लिए जासूसी कर रहा रेलवे कर्मचारी गिरफ्तार, गोपनीय जानकारी पहुंचा रहा था पाकिस्तान

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

जयपुर। भवानी सिंह पाकिस्तानी एजेंट निमी के हनी ट्रैप में फंसकर सोशल मीडिया के जरिए सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारी लीक कर रहा था। वह महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सैन्य अभ्यास और सेना के साजो-सामान की आवाजाही से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान तक पहुंचा रहा था।

राजस्थान पुलिस की इंटेलिजेंस शाखा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी क्रक के लिए जासूसी करने वाले रेलवे कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बीकानेर जिले के महाजन रेलवे स्टेशन से की गई है, जहां आरोपी पॉइंट मैन भवानी सिंह




पदस्थापित था।

हनी ट्रैप में फंसकर करता था जासूसी सूत्रों के अनुसार, भवानी सिंह पाकिस्तानी एजेंट ह्यनिमीह्न के हनी ट्रैप में फंस गया था। इसके बाद धन के लालच में आकर वह सोशल मीडिया के जरिए सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारियां क्रक तक पहुंचा रहा था।

**गोपनीय सूचनाएं हो रही थीं लीक**

महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सैन्य अभ्यास और सेना के साजो-सामान की आवाजाही को लेकर भवानी सिंह लगातार संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तान तक पहुंचा रहा था। सुरक्षा एजेंसियों को जब इस गतिविधि की भनक लगी, तो उसे ट्रैक कर संयुक्त पूछताछ केंद्र, जयपुर में लाया गया, जहां कई केंद्रीय एजेंसियों ने उससे गहन पूछताछ की।

**ISI कर रही थी धन मुहैया**

जांच में सामने आया है कि भवानी सिंह को क्रक की ओर से आर्थिक सहायता भी दी जा रही थी। सोशल मीडिया के माध्यम से वह लगातार पाकिस्तान के एजेंटों के संपर्क में था और खूफिया जानकारियां साझा कर रहा था।

**गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई**

पूछताछ के बाद सुरक्षाबलों ने भवानी सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है और अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

# स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में रठड की महिला कर्मियों ने की पिटाई, छेड़छाड़ का आरोप, जांच शुरू

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



जयपुर । घटना के बाद रउक के अधीक्षक डॉ. संदीप जसूजा ने जांच कमेटी गठित कर पुलिस में मामला दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इस घटना का वीडियो वायरल होने से अस्पताल प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

जयपुर के स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (रउक) में एक सीनियर नर्सिंग ऑफिसर (रठड) की महिला कर्मियों द्वारा पिटाई का वीडियो सामने आया है। आरोप है कि रठड आए दिन महिला स्टाफ के साथ बदसलूकी और छेड़छाड़ करता था। आरोप है कि रठड महिला स्टाफ के साथ बदसलूकी और छेड़छाड़ करता था, जिससे नाराज होकर महिला सुरक्षा गार्ड और अन्य स्टाफ ने उसे अस्पताल परिसर में घुमाकर पीटा।

घटना दो दिन पुरानी बताई जा रही है, जिसमें महिला सिक्योरिटी गार्ड समेत अन्य स्टाफ ने रठड को पूरे अस्पताल परिसर में घुमाकर पीटा। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए रउक के अधीक्षक डॉ. संदीप जसूजा ने जांच कमेटी गठित कर दी है। साथ ही, पुलिस में मामला दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

## सिरोही में झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई

# मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहा फर्जी क्लीनिक सील

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

सिरोही। टीम ने मौके से बड़ी मात्रा में दवाइयां, इंजेक्शन और बोतलें जब्त कीं। विभाग ने ड्रग इंस्पेक्टर की जांच रिपोर्ट का इंतजार करते हुए आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। यह कार्रवाई काछोली में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से 8 वर्षीय बच्ची की मौत के बाद शुरू हुई मुहिम का हिस्सा है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमएचओ डॉ. एसपी शर्मा की अगुवाई में टीम द्वारा जिले के सिवेरा में मेडिकल स्टोर की आड़ में फर्जी तरीके से पर चलाए जा रहे क्लीनिक पर दबिश देकर कारवाई की गई। इस दौरान वहां पर फर्जी डॉक्टर नहीं मिला। मेडिकल स्टोर पर बारहवीं पास लड़का दवाइयां बेच रहा था। कारवाई की सूचना मिलते ही झोलाछाप डॉक्टर फरार हो गया। इसके बाद टीम द्वारा मौके से विभिन्न प्रकार की दवाइयां, इंजेक्शन और बोतलें जब्त कर ली गई हैं। अब विभाग द्वारा इस मामले में झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।



सिरोही। सिवेरा में मेंडिकल स्टोर की आड़ में चलाए जा रहे फर्जी क्लीनिक पर दबिश दी गई।

सिवेरा गांव में चिकित्सा विभाग की टीम ने सोमवार दोपहर यह कार्रवाई की। टीम ने मेडिकल स्टोर की आड़ में चलाए जा रहे फर्जी क्लीनिक पर अचानक दबिश दी। मेडिकल स्टोर पर दवाइयां दे रहा लड़का भी बारहवीं पास था। झोलाछाप डॉक्टर शिवकरण परमार के बारे में पूछताछ करने पर उसके बीमार को देखने जानकारी सामने आई। इसके बाद विभागीय टीम द्वारा वहां संचालित फर्जी क्लिनिक में रखी गई। विभिन्न प्रकार की दवाइयों को जब्त कर लिया गया। इस दौरान भारी तादाद में दवाइयां पाई गई हैं। फिलहाल विभाग द्वारा ड्रग इंस्पेक्टर की जांच रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है, ताकि ये पता चल सके कि इसमें कोई प्रतिबंधित दवाइयां तो नहीं है। इसके बाद नियमानुसार आवश्यक अग्रिम कारवाई की जाएगी। झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। गौरतलब है कि दो दिन पहले काछोली में एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से 8 साल की बालिका की मौत के बाद विभाग एक्शन मोड पर है।

**लगातार कर रहे हैं कारवाई**

इस मामले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमएचओ डॉ. एसपी शर्मा ने बताया कि सोमवार को आरासना, तेलपुर एवं कोजरा सहित विभिन्न गांवों में टीम पहुंची। लेकिन, सभी झोलाछाप डॉक्टरों के क्लिनिक बंद पाए गए। यह कारवाई लगातार जारी रहेगी।

# खैरथल निवासी पवन शर्मा तीसरी बार बने राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश महामंत्री

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



खैरथल : खैरथल निवासी वार्ड नं 18 के निवासी पवन कुमार शर्मा पत्र श्री श्याम सुंदर शर्मा को लगातार तीसरी बार अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश मंत्री पद पर नियुक्त किया है, वर्तमान में शर्मा राजस्थान विशेष शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष है , और जयपुर में ही कार्यरत हैं। पवन कुमार शर्मा की नियुक्ति पर विप्र कल्याण समिति जिला खैरथल ने हर्ष जताया है और पदाधिकारियों ने बताया है कि शर्मा के खैरथल आने पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा, इस मौके पर ^ संदीप मिश्रा, रविन्द्र शर्मा,बी.एन अवस्थी ,संदीप शर्मा, अमित शर्मा, राजेश मिश्रा , कैलाश जोशी, कमल शर्मा, अंकित शर्मा , राकेश शर्मा, शिवकुमार मिश्रा, सुभाष गौड़, सुनील शर्मा, कालू पंडित, दिनेश शर्मा,आदि मौजूद रहे।

## कोटा केयर्स अभियान से जुड़ी ऑटो यूनियंस, किराया और सेवाओं के लिए बनाए नए नियम


कोटा । इस पहल के तहत ऑटो चालकों के लिए आवश्यक दिशा-निदेर्शों के स्टीकर्स तैयार किए जाएंगे, जो 10,000 से अधिक ऑटो पर लगाए जाएंगे। यह कदम कोटा में रह रहे 1.25 लाख स्टूडेंट्स के लिए बेहतर परिवहन सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

शिक्षा नगरी कोटा में हॉस्टल एसोसिएशन्स के सिक्योरिटी और कॉशन मनी नहीं लेने की घोषणा के बाद अब ऑटो यूनियंस कोटा केयर्स अभियान से जुड़ी हैं। 10 हजार से अधिक ऑटो चालकों का प्रतिनिधित्व करने वाले ऑटो यूनियन के प्रतिनिधि अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल सिंघल से मिले और उन्हें शहर में ऑटो यात्रा के संबंध में अपने सुझाव व निर्णयों से अवगत करवाया। इसमें मुख्य रूप से ऑटो यूनियन द्वारा प्रति किलोमीटर अधिकतम 20 रुपये किराया, वेटिंग चार्जेज 50 रुपये प्रति घंटा के साथ-साथ ऑटो चालकों को गेटकीपर और बिहेवियर ट्रेनिंग दिया जाना शामिल है।

# खैरथल पहुंचा खाटू श्याम का भव्य रथ:चांदी के रथ में खाटू नरेश विराजमान , तिजारा से जा रही है खाटू श्याम के दरबार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथल-तिजाराः खाटू श्याम का मेला परवान पर है, बाबा श्याम के भक्त हाथों में श्याम नाम का झंडा लेकर पैदल चलकर खाटू पहुंच रहे हैं। सड़कों पर जहां भी देखो हाथों में केसरिया रंग के निशान और बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए भक्तों की टोलियां नजर आ रही है। वहीं तिजारा से चलकर खाटू श्याम जा रहे श्याम भक्त बाबा श्याम का चांदी का रथ और चांदी की ध्वजा लेकर पैदल यात्रा कर रहे हैं। रथ बहुत ही सुन्दर और आकर्षित बना हुआ है। रथ में बाबा श्याम की सुंदर प्रतिमा विराजमान है।



रथ के खैरथल पहुंचने पर हर वर्ष की भांति श्याम भक्तों ने श्याम सेवक पं मुरारीलाल शर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया।

बाबा की संध्या आरती में मातोर रोड़ पर सैकड़ों पुरूष,महिलाओ ने रथ मे विराजे श्यामप्रभू के दर्शन किये आरती की प्रसादी का वितरण किया गया इस अवसर पर पं. मुरारी लाल शर्मा,गिरीश शर्मा, जीतेन्द्र शर्मा झींगू, मुकेश, रविन्द्र शर्मा, संदीप मिश्रा, अमित कुमार, राकेश कुमार शर्मा, राजू शर्मा , देबू,दुष्यंत तिवाड़ी, अनिल कुमार, वेदप्रकाश क कौशिक, ओमप्रकाश मुनीम,नरेश शर्मा भाजपा नेता,रामोतार गुप्ता,बंटी शर्मा,रामजीलाल खण्डेलवाल, सोनिया शर्मा,सविता शर्मा, रेखा शर्मा,सावलराम शर्मा सहित सैकड़ो श्याम भक्त मौजूद रहे रात्रि विश्राम के बाद सुबह खाटू श्याम के लिए रवाना होगी।

# फाल्गुन मेले में खाटू श्याम जी के बाजार अनिश्चितकाल के लिए बंद, सड़कों पर उतरे लोग

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

सीकर । स्थानीय नौकरीपेशा लोग भी रोक-टोक और बेरिकेडिंग से परेशान हैं, जिससे आवागमन बाधित हो गया है। व्यापारियों का आरोप है कि मेला कमेटी ने लोकल आईडी पर आवागमन की अनुमति देने का आश्वासन दिया था, लेकिन उसका पालन नहीं किया जा रहा है।

खाटूश्यामजी के फाल्गुनी लक्खी मेले में पुलिस और प्रशासन ने खाटूवासियों और बाजार के आवागमन के रास्ते बंद करने पर सोमवार को स्थानीय लोग और व्यापारी विरोध में उतर आए। खाटूधाम व्यापार मंडल के आह्वान पर श्याम नगरी का पूरा बाजार अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। इधर, मेले में आने वाले श्रद्धालुओं खास तौर पर बुजुर्ग और दिव्यांगों को मंदिर तक पहुंचने में खासी परेशानी हो रही है। ऐसे में श्याम भक्तों सहित स्थानीय लोगों और व्यापारियों में पुलिस और प्रशासन के प्रति खासा आक्रोश है।

व्यापार मंडल ने रात को मेला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भी सौंपा था। जिसका अधिकारियों ने स्पष्ट जवाब भी नहीं दिया। इसके बाद माहौल और गरमा गया और बाजार बंद की रणनीति तैयार होने लग गई थी। दोपहर बाद सभी ने एकजुट होकर बाजार बंद कर दिया। ऐसे में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मेले में स्थानीय नौकरी पेशा लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। रास्तों के डायवर्जन व बेरिकेडिंग के चलते सुरक्षा कर्मी जगह-जगह उन्हें रोक रहे हैं। ऐसे में उनका घर से काम पर आना-जाना भी मुश्किल हो गया। व्यापारियों का कहना है कि मेला कमेटी की बैठक में लोकल आइडी दिखाने पर स्थानीय लोगों का आवागमन सुचारू रखने का वादा किया गया था, लेकिन उसकी पालना नहीं हो पा रही।

# पर्यावरण जागरूकता के लिए 225 किमी साइकिल यात्रा

## सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी जोधपुर से पहुंचे अजमेर



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

अजमेर । 64 वर्षीय विनोद कुमार शर्मा पहले भी कई प्रेरणादायक साइकिल यात्राएं कर चुके हैं, जिनमें जोधपुर से मेड़ता (150 किमी) और जोधपुर से पाली (78 किमी) की यात्राएं शामिल हैं। उनका मानना है कि नियमित साइकिलिंग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है और यह पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है।

विनोद कुमार शर्मा, जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से सेवानिवृत्त गोपनीय सहायक ने 28 फरवरी 2025 को एक प्रेरणादायक साइकिल यात्रा शुरू की।

उन्होंने वायु प्रदूषण के प्रति जागरूकता फैलाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जोधपुर से अजमेर तक 225 किलोमीटर की यात्रा की। यह यात्रा बिलाड़ा और ब्यावर होते हुए पांच दिनों में पूरी हुई। वे 2 मार्च 2025 को दोपहर एक बजे अजमेर पहुंचे।

अजमेर पहुंचने पर विनोद कुमार शर्मा ने मंडल कार्यालय में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी रघुवीर सिंह चारण से मुलाकात की। चारण ने उनके प्रयास की सराहना की और इसे पर्यावरण सुरक्षा के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने विनोद कुमार शर्मा को उनके अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**समीक्षा बैठक** | संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करें अधिकारी

# समीक्षा बैठक में जारी हुए आदेश

सिरोही। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बजट कार्यों की समयबद्ध क्रियान्विति, गुणवत्ता और उपयोगिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को डीओआईटी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न मुद्दों के बारे में चर्चा की गई। इसके साथ ही जिला कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग कर जल्द से जल्द निस्तारण करवाने के आदेश दिए गए।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने जिले में 2025-26 की बजट घोषणाओं से संबंधित विभागवार समीक्षा कर अब तक की गई कार्रवाईयों एवं अपेक्षित प्रगति के बारे में चर्चा की। उन्होंने इस दौरान



प्रत्येक विभाग के जिलास्तरीय अधिकारी से उनके विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए जिलास्तर पर की जाने वाली कारवाई एवं मुख्यालय स्तर पर की जाने वाली कारवाई को लेकर भी चर्चा की। चौधरी ने वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों और इनमें शामिल कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि हर कार्य में समयबद्धता, गुणवत्ता और उपयोगिता पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके लिए बजट घोषणाओं के कार्यों की सफल क्रियान्विति को गति देने की जरूरत है। इस दौरान अधिकारियों ने बजट घोषणाओं के अंतर्गत विभिन्न कार्यों, भूमि आवंटन की स्थिति और प्रगति की जानकारी दी।

जिला कलेक्टर चौधरी ने बजट घोषणा 2025-26 के अनुसार और आवश्यकता के अनुरूप भूमि चिन्हीकरण एवं आवंटन से जुड़ी गतिविधियों को तय समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की चर्चा करते हुए जिले में विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के लिए पाबंद किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभागीय अधिकारी नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की मॉनिटरिंग करें एवं निश्चित समय में निस्तारण करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेशराय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, तहसीलदार जगदीश विश्नोई, पीडब्ल्यूडी एसई. आरसी. बराडा, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक सहीराम बिश्नोई, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक गोविंद चौधरी, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजेन्द्र पुरोहित सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुडे.।

# उप्र में हो रहा दलितों, पिछडों व अल्पसंख्यकों पर अत्याचार

## मथुरा में असपा सांसद के काफिले पर हमले से कार्यकर्ताओं में दिखा आक्रोश, कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

### उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने उप्र में दलितों, पिछडों व अल्पसंख्यकों पर आए दिन हो अत्याचारों व मथुरा में पार्टी सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर हमले पर आक्रोश जताते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गयी।

जानकारी के अनुसार सोमवार को आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के कार्यकताओं ने उप्र में दलितो, पिछडों, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार तथा मथुरा में पार्टी सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर हुए हमले पर आक्रोश जताते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भी अधिकारियों को सौंपा गया। कार्यकताओं ने कहा कि उप्र की भाजपा सरकार में आए दिन किसी न किसी स्थान पर दलितों, पिछडों व अल्पंसख्यकों पर अत्याचार किए जा रहे हैं और सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने में पूरी तरह विफल हो रही है। जनपद मथुरा में पिछले 15 दिन के अंदर तीन स्थानों पर ऐसी घटनाएं हुई है जिनमें एक युवक की हत्या, अनुसूचित जाति की लडकियों की शादी में बाराती व घरातियों पर लाठी, डंडों से हमला, घरों पर फायरिंग, दुल्हन के जेवरात व सामान लूटने की घटनाएं हुई है। 28 फरवरी को भीम आर्मी के चीफ व आजाद समाज पार्टी कांशीराम के अध्यक्ष व नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद घटनास्थल पर पहुंचे तो विरोधियों ने उनके काफिले पर पुलिस की मौजूदगी में हमला बोल दिया और वहां मौजूद पुलिस अधिकारी भी कुछ नहीं कर पाए। विरोधियों ने काफिले में चल रही गाडियों में भी तोडफोड की गयी जिसमें कई कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल भी हो गए। कार्यकताओं ने कहा कि भाजपा सरकार ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है इसलिए उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए तथा दलितों, पिछडों व अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करने वालों पर कडी कार्रवाई की जाए, साथ ही मथुरा में हुई घटनाओं में मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपये की सहायता व घायलों को पांच-पांच लाख रुपये की मदद दी जाए। इस मौके पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष प्रभात अनुज भारती, आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी अंकुर अम्बेडकर, प्रदीप मतनावली, बलराम बधेव, नासिर चौधरी, मनोज कुमार लांबा, धमेन्द्र, डा. सूरज मैनवाल, सतेन्द्र झाल, जुनैद चौहान, मोनू भी मौजूद रहे।





# सही उपचार न करने व आयुष्मान कार्ड के ढाई लाख रुपये डकारने का आरोप

## कैडी निवासी ग्रामीण ने थानाभवन स्थित अस्पताल के चिकित्सक पर लगाए आरोप

### पीडित ने डीएम से की चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई व रुपये वापस कराने की मांग

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** गांव कैडी निवासी एक ग्रामीण ने थानाभवन स्थित एक हास्पिटल के चिकित्सक पर आयुष्मान कार्ड से उपचार के नाम पर ढाई लाख रुपये डकारने व सही उपचार न करने का आरोप लगाते हुए डीएम से गुहार लगायी है। बाबरी के गांव कैडी निवासी जहूर हसन ने कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी गर्दन की हड्डी चिपकी हुई है जिसके उपचार के लिए वह थानाभवन स्थित एक अस्पताल में भर्ती हुआ था। उसका उपचार आयुष्मान कार्ड के जरिये से किया गया। जहूर हसन का आरोप है कि उसे करीब पांच दिन तक अस्पताल में भर्ती किए रखा लेकिन उपचार से उसे कोई फायदा नहीं हुआ, अस्पताल के चिकित्सक ने आयुष्मान कार्ड से ढाई लाख रुपये का इलाज दिखाकर सारे पैसे डकार लिए। जब उसने डाक्टर से सही उपचार न करने व ढाई लाख रुपये के बारे में पूछा तो चिकित्सक ने उसे अस्पताल से भगा दिया। पीडित ने चिकित्सक पर सही उपचार न करने व आयुष्मान कार्ड के जरिये ढाई लाख रुपये डकारने का आरोप लगात हुए डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई व आयुष्मान कार्ड का पैसा वापस दिलाए जाने की मांग की है।

## एसडीएस में साइंस मॉडल मेकिंग कार्यक्रम

**झिंझाना।** एसडीएस कांवेंट स्कूल में यूज आंफ रिफ्यूज के तहत साइंस मॉडल मेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया ओर विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया। जिसमें विजेता बच्चों का स्कूल प्रबंधन द्वारा उत्साह वर्धन किया गया। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सोमवार को मेरठ करनाल हाईवे पर स्थित एसडीएस कांवेंट स्कूल में यूज ऑफ रीफ्यूज के तहत साइंस मॉडल मेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया। वैज्ञानिक मॉडल में राकेट लांचर,वोल्केनो आदि प्रमुख आकर्षण रहे। वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत करने में देव कुमार, रूद्र चौधरी, हर्ष कुमार, आस्था, रिया, पूर्विका, मन्नत, शरगुन आदि छात्र छात्रा उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक श्रीपाल आर्य ने सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणा दी। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक दीपक कुमार रहे। इस अवसर पर सुमित चौहान, ऋतिक कुमार, पंकज गर्ग, मोहित गर्ग आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## संक्षेप समाचार :

### धमकी देने वालों पर कडी कार्रवाई की मांग



शामली। सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डा. अरविन्द राजभर को जान से मारने की धमकी के मामले में पार्टी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से प्रमुख महासचिव की सुरक्षा बढाने व धमकी देने वालों पर कडी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार सोमवार को सुभासपा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अधिकारियों को देते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डा. अरविन्द राजभर को अपमानित करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी है जिससे पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं में आक्रोश है। उन्होंने मुख्यमंत्री से धमकी देने वालों के खिलाफ कडी कार्रवाई व राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव को सुरक्षा देने की मांग की है। इस मौके पर युनूस इमरान मंसूरी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री योगी की तस्वीर से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार



थानाभवन। थानाभवन पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर से छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अंकुर पुत्र सोमदत्त, निवासी ग्राम गोहरनी, थाना थानाभवन, जनपद शामली के रूप में हुई है। गिरफ्तारी की यह कार्रवाई थाना थानाभवन पुलिस द्वारा की गई पुलिस ने बताया कि आरोपी पर साइबर क्राइम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### भाई की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

कांधला। सुन्ना मार्ग पर हत्या के बाद मिले अज्ञात व्यक्ति के शव के मामले में शिनाख्त के बाद मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दो दिन पहले पुलिस को सूचना मिली थी कि सुन्ना मार्ग पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। प्रथम दृष्टया युवक की गला घोंटकर हत्या करना प्रतीत हो रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया था लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस ने जनपद के थानों सहित सोशल मीडिया के माध्यम से शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए थे,जिसमे शव की शिनाख्त जनपद के गांव सिलावर थाना आदर्श मंडी निवासी कुलदीप के रूप में हुई थी,जो कंडेला फैक्ट्री में कार्य करता था और शनिवार शाम फैक्ट्री से घर वापिस नहीं लौटा था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। पीएम के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतक युवक के भाई राजीव की तहरीर के आधार पर अज्ञात में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### छात्रों से स्वस्थ स्पर्धा से जीवन में आगे बढने का आह्वान

शामली। वीवीपीजी कॉलेज शामली में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैंप के पांचवें दिन कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में कैंप उद्घाटन किरण सेवा समिति की डॉक्टर ऋतु जैन ने किया जहां उन्होंने बच्चों को अच्छी आदतों को अपनाने तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# युवा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में वंशिका ने जीता गोल्ड मैडल

### स्कूल पहुंचने पर किया गया भव्य स्वागत, स्कूल प्रबंधन ने दी जीत की बधाई

**एनपीटी संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बा स्थित अर्पण पब्लिक स्कूल की छात्रा वंशिका सैनी ने उप्र युवा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के शॉटपुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल व कस्बे का नाम रोशन किया है। छात्रा की जीत पर स्कूल प्रबंधन ने भी बधाई दी है।

जानकारी के अनुसार कस्बा स्थित अर्पण पब्लिक स्कूल की छात्रा वंशिका सैनी ने 1 व 2 मार्च को लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश युवा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। वंशिका ने शॉटपुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल व कस्बे का नाम रोशन किया। सोमवार को स्कूल पहुंचने पर होनहार छात्रा



वंशिका सैनी व कोच अनिल चौधरी का स्कूल की प्रधानाचार्या मनदीप सैनी ने जोरदार स्वागत किया। प्रधानाचार्या ने बताया कि वंशिका स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा है, वह स्कूल में नियमित रूप से अभ्यास करती है। इससे पहले वंशिका सैनी मंडल स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भी सिल्वर मैडल जीत चुकी है। वहीं वंशिका सैनी ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी वंशिका सैनी को बधाई दी है।

# बकाया भुगतान न होने पर किसानों में आक्रोश

## किसानों ने डीएम को सौंपा प्रार्थना पत्र, 7 मार्च तक भुगतान न होने पर धरने की चेतावनी

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** चीनी मिलों द्वारा बकाया का भुगतान न करने से किसानों में आक्रोश बना हुआ है। सोमवार को क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर जल्द भुगतान न होने पर 7 मार्च से धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 28 फरवरी तक किसानों के बकाया का भुगतान कराने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अभी तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान न होने के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। पहले भी कई बार धरना प्रदर्शन व प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद भी चीनी मिलों द्वारा किसानों को लगातार टरकाया जा रहा है जिससे किसानों में आक्रोश बढता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी कि यदि जल्द भुगतान न हुआ तो 7 मार्च से किसान चीनी मिल पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर हरेन्द्र सिंह, भूपेश कुमार, विक्रम सिंह, कंवरपाल, अजय, देशपाल सिंह, मुकेश कुमार, चरणसिंह, सुभाष राणा, सुरेन्द्र सिंह, जगदीश सिंह विक्रम सिंह, नरेन्द्र, ठा. रामचरण सिंह पुंडीर, नीरज, कुमार, सुनील, यशपाल सिंह आदि भी मौजूद रहे।



## मंसूरा पुलिया के निरीक्षण करने पहुँचे इंजीनियर

झिंझाना। मंसूरा रोड पर बन रही पुलिया के निर्माण का निरक्षण करने पहुंचें इंजिनियर दीप्तेश तोमर व पाखी वर्मा ने ठेकेदार को सरिए की मात्रा बढ़ाकर लगाने के निर्देश दिए। सोमवार को मंसूरा रोड पर बन रही बुढ़ने की पुलिया का निरीक्षण करने पहुंचे दीप्तेश तोमर तथा पाखी वर्मा असिस्टेंट इंजीनियर ने पुलिया की बेस में कम सरिया लगाने के बारे में ठेकेदार को सख्त हिदायत दी कि वह मानक के अनुरूप ही कार्य करें। बता दें कि ठेकेदार द्वारा पुलिया की बेस की जाल में कम सरिए लगाए जा रहे थे। निरीक्षक को पहुंचे इंजीनियर की टीम ने ठेकेदार को बेस की जाल में सरिया बढ़ाने को कहा। निरीक्षण का इंजीनियर ने बताया कि इस पुल की लंबाई 10 मीटर तथा चौड़ाई 8.30 मीटर है। कहा कि निर्माण में किसी भी तरह की खामी नहीं होने दी जाएगी। पुल का निर्माण कार्य जल्द ही पूरा कराया जाएगा।

# मौसम में परिवर्तन से लोगों में बढ रही बीमारियां

## नजला, जुकाम, खांसी, बुखार से पीडित मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** मौसम में हो रहे परिवर्तन का असर लोगों को बीमार कर रहा है। मौसम के चलते लोगों में नजला, जुकाम, खांसी, बुखार व पेटदर्द की समस्याएं बढ रही है जिस कारण लोग चिकित्सकों के यहां उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सक भी इस मौसम में एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मौसम में परिवर्तन के चलते लोगों में कई तरह की बीमारियां बढ रही है। इन मरीजों में सबसे ज्यादा वायरल बुखार, खांसी व गले में खरास की समस्याएं देखी गयी। इसके अलावा नजला, जुकाम, पेटदर्द के मरीज भी उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। जिला संयुक्त चिकित्सालय की ओपीडी में भी बडी संख्या में मरीजों की लाइन लगी रहती है। चिकित्सकों का कहना है कि मरीजों को नियमित रुप से गुनगुने पानी का सेवन करना चाहिए। फ्रिज का पानी पीने से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सर्दी जुकाम, बुखार, बदन दर्द, खरास के मरीज अस्पताल में अधिक पहुंच रहे हैं। दिन में खिलती धूप और सुबह शाम सर्द हवाओं और रात में सर्दी से लोगों को सावधान रहना होगा। इसके अलावा घर से बाहर निकलते समय गर्म ऊनी कपड़े अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि लोगों को जरा सी तकलीफ होने पर चिकित्सकों से संपर्क करना चाहिए। बिना चिकित्सक की सलाह के दवाई नहीं लें।

### बुखार के बाद कमजोरी दूर करने को यह करें उपाय

चिकित्सकों ने बताया कि वायरल बुखार के बाद मरीजों में कमजोरी की समस्या आ रही है। इससे बचने के लिए फलों का सेवन कर सकते हैं। बुखार के बाद शरीर में पानी की कमी हो जाती है। कमजोरी को दूर करने के लिए नियमित रुप से दो केले का सेवन कर सकते हैं। हरी सब्जियों का सेवन भी लाभदायक होता है। यह पोषक तत्वों से भरपूर होती है। कमजोरी दूर करने के लिए ड्राई फ्रूट्स का भी सेवन किया जा सकता है।

# भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में पहेली कार्यक्रम हुआ आयोजित



**एनपीटी संवाददाता कैराना।** मस्तिष्क कोशिकाओं के बीच संबंध मजबूत करने के उद्देश्य से भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में पहेली कार्यक्रम आयोजन किया गया। सोमवार को नेशनल हाइवे पर स्थित गांव मन्नामजरा के निकट भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में पहेली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राइमरी विंग की कॉर्डिनेटर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मस्तिष्क में बौद्धिक स्तर को मजबूत बनाना है,जिससे मस्तिष्क कोशिकाओं के बीच संबंध मजबूत होते हैं और मानसिक गति में सुधार होता है। यह अल्पकालिक स्मृति को बेहतर बनाने का एक प्रभावी तरीका है।पहेलियां डोपामाइन के उत्पादन को बढ़ाती हैं यह एक ऐसा रसायन है, जो याददाश्त और एकाग्रता को नियंत्रित करता है। पविद्यार्थियों ने हिंदी में अंग्रेजी वर्णमाला को सही कार्यक्रम में लगाना,अंको को सही कार्यक्रम में वगार्कार आकृति पर लगाना,रंगीन गेंद को चुनकर सही रंग पहचाना आदि पहेलियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी से इंशा, हुमैरा, आतिफ, कवि, आबान,और वरदान अपनी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया और विजेता बने।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**एनपीटी संवाददाता झिंझाना।** स्थानीय पुलिस द्वारा एक अभियुक्त आमिर पुत्र वासर निवासी ग्राम हथछौया थाना झिंझाना को गिरफ्तार उसके कब्जे से कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया। दूसरी ओर जोत सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी ग्राम मस्तगढ़ को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनो आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

# विदेश भेजी सवारी करोड़ों का गोल्ड लेकर फरार, ऑडियो वायरल

## गोल्ड वापस लौटाने के लिए मामा ने भांजे को बनाया बंधक, 35 लाख रुपये वसूलने की चर्चा

**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** सवारी गठरी का कारोबार एक बार फिर सुर्खियों में है।विदेश भेजा गया दंपत्ति करोड़ों का गोल्ड लेकर नौ दो ग्यारह हो गया। चर्चित मामा द्वारा भांजे को बंधक बनाकर गोल्ड वापस लौटाने के एवज में पार्टी से 35 लाख रुपए वसूले हैं। मामले से संबंधित ऑडियो अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रही है।

कस्बे में सवारी गठरी का कारोबार कोई नया है नही है,इससे पहले भी यह कारोबार बड़े पैमाने पर किया जाता रहा है।समय समय पर पुलिस प्रशासन द्वारा कई बड़ी कार्रवाई भी की गई हैं। ताजा मामला कस्बा कैराना के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 23 से जुड़ा हुआ बताया गया है,जहाँ से एक दंपत्ति जोड़े को एक पार्टी द्वारा सवारी बनाकर विदेश से गोल्ड लाने के लिए भेजा गया था,जो करोड़ों का गोल्ड लेकर पार्टी द्वारा दिल्ली में बताए गए स्थान पर न जाकर महाराष्ट्र में उतर गया और कार में सवार होकर सीधा मथुरा पहुँच गया और गोल्ड को वहीं एक मकान में छुपा दिया गया। बाद में भांजे ने पूरी कहानी कैराना निवासी अपने मामा को बताई तो मामा ने साजिशों का जाल बुनने शुरू दिया। सबसे पहले उसने अपने भांजे को विश्वास में लेकर उसके साथ ही विश्वाघात शुरू कर दिया और बाद में भांजे को ही बंधक बनाकर पार्टी से बतचीत शुरू की। इसी दौरान शातिर मामा ने मीटिंग करने के लिए पार्टी को पानीपत बुलाया और 35 लाख में सौदा तय कर पूरी रकम भी वसूल करने के बाद पति-पत्नी को उनके हवाले कर दिया। पार्टी दोनों को लेकर मथुरा में छुपाए गए गोल्ड को बरामद करने के लिए उस मकान में पहुंची,जहां गोल्ड छुपाया गया था।गोल्ड बरामद होने के बाद दंपत्ति को छोड़ दिया गया। कैराना पहुंचकर उन्होंने मामा से अपने 35 लाख रुपयों की मांग की,लेकिन शातिर मामा भांजे को लाखों की चपत लगाकर भूमिगत हो गया। अब भांजा मामा की तलाश करने के लिए कड़े प्रयास कर रहा है।चचाएं हैं कि लाखों की रकम हड़प करने के लिए मामा अब प्रभावशाली लोगों की शरण लेकर मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है।अब इस मामले से जुड़ी एक ऑडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जमकर वायरल हो रही है,जिसमें मामी एक युवक से बात करते हुए कहा रही है कि बात हमारे बीच हुई थी उन तक ऑडियो कैसे पहुँची है,जवाब में युवक बोलता है कि आपने उन्हें 10 दिन तक बंधक बनाकर रखा है और हमारा माल पकड़वाया है,जिसके एवज में हमने 35 लाख रुपये दिए हैं युवक मामले में प्रशासन के भी इन्वॉल्व होने की बात स्वीकार करते हुए कह रहा है कि इस मामले में अब प्रशासन आ गया है,इतनी धाराएं लग जाएंगी परेशानी हो जाएगी फिर मुझे मत कहना। आगे युवक यह कहते हुए भी सुनाई दे रहा है कि जब हमने 35 लाख दिए तो हमारे साथ क्यों नहीं गए,मौके से क्यों भाग गए। इस मामले को निपटा लो और भाई से मेरी बात करता दो।अब भांजा मामा को तलाश कर रहा है। चचाएं है कि मामा ने भांजे को ठिकाने लगाकर 35 लाख रुपये की रकम खुद ही डकार ली है और भांजा हाथ मलते ही रह गया है। अब शातिर मामा मामले को दबाने के लिए कुछ प्रभावशाली लोग सक्रिय हो गए हैं, जो मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया जा रहा है।यह मामला कस्बे चर्चा का विषय बना हुआ है

## युवक पर धारदार हथियार से किया हमला

कांधला। युवक को बंधक बनाकर मारपीट करने के बाद धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया। मौहल्ला खैल कमेला कालोनी निवासी शायरा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मोहम्मद व बादा ने बेटे चांद को जबरन घर से उठाकर बंधक बना लिया। और आरोपी युवक को उठाकर अपने साथ एकांत स्थान पर ले गए जहां पर उन्होंने युवक के साथ मारपीट करते हुए शोषण किया। जब युवक ने उसे दोनों का विरोध किया तो आरोपी दोनो युवको ने धार धार हथियार से हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। और घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। महिला ने घायल पुत्र का उपचार कराने के बाद थाने जाकर आरोपी दोनों युवकों के विरुद्ध नामजद शिकायत करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच कर रही है।

# विधायक ने विधानसभा में उठाया शिक्षा व सडक का मुद्दा

## अशरफ अली खान ने राजकीय इटर कालेज में नियुक्ति व सडकों के निर्माण की मांग की

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान थानाभवन विधायक अशरफ अली खां ने क्षेत्र की शिक्षा व सडक की प्रमुख समस्याओं को सदन में उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान गांव पल्ठेडी, मसावी पट्टी, और गांव हसनपुर लुहारी में नव निर्मित राजकीय इंटर कालेज में शिक्षकों की नियुक्ति न होने व क्षेत्र की कई सडकों के नवनिर्माण की ओर आकर्षित किया।

थानाभवन विधायक अशरफ अली खां ने विधानसभा में बताया कि शिक्षण सत्र एक अप्रैल 2025 से शुरू हो रहा है, थानाभवन विधानसभा के गांव पलठेडी, मसावी पट्टी और हसनपुर लुहारी में अभी तक शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई है और न ही संस्थानों में फर्नीचर की उचित व्यवस्था है। उन्होंने प्रदेश सरकार से इन विद्यालयों में शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति और फर्नीचर व्यवस्था की मांग की ताकि नये सत्र में छात्रों की पढाई प्रभावित न हो और शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। विधायक अशरफ अली खां ने विकास खंड ऊन के गांव गढीपुख्ता से गांव राझड, खेडकी खेडी भाव से होते हुए ऊन तक जाने वाली सडक के क्षतिग्रस्त भाग के पुनर्निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा यह मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए तहसील और ब्लॉक जाने का मुख्य रास्ता है, लेकिन इसकी बदहाल स्थिति के कारण क्षेत्रवासियों को काफी दिक्कतों का सामना पड रहा है। उन्होने सरकार से इस सडक के जल्द से जल्द पुनर्निर्माण कराने की अपील की ताकि क्षेत्रवासीयों को राहत मिल सके। विधायक अशरफ अली खां ने बताया कि क्षेत्र से जुडी समस्याओं के निराकरण को वह सरकार के समक्ष बिना भेदभाव के रखते रहेगें। उन्होने कार्य पूर्ण होने उम्मीद जाहिर करते हुए योगी सरकार की तारीफ की, कहा उत्तर प्रदेश सरकार विकास कार्यो को लेकर प्रतिबद्ध है।



**आवश्यकता है**

**दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स** में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना चौसाना बिडौली गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
9082190000,9997173786

### वित्तमंत्री ने पेश की 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट, मंईया सम्मान योजना हेतु

# 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख का बजटीय उपबंध

एनपीटी ब्यूरो

रांची, झारखण्ड सीएम हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखण्ड के विकास के लिए संतुलित बजट पेश किया गया है, कहा जनता पर आर्थिक बोझ नहीं डाला गया। दरअसल झारखण्ड विधानसभा बजटीय सत्र के दौरान सोमवार को 3 मार्च 2025 वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष से 2025-26 वित्तीय वर्ष का बजट करीब 13 फीसदी अधिक है। इस बजट में मंईयां सम्मान योजना के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए कई बड़े ऐलान किया गया है। झारखण्ड सरकार ने विधानसभा में लगभग 1 लाख 45 हजार 4 सौ करोड़ का बजट पेश किया। पिछली बार से करीब 17 हजार करोड़ ज्यादा का बजट है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में मंईया सम्मान योजना के लिए 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख का बजटीय उपबंध किया गया है। साथ ही ऊर्जा विभाग के लिए 9894 करोड़ 35 लाख 53 हजार का बजट उपबंध, उद्योग विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 450 करोड़ का उपबंध, उद्योगों के विकास



और विस्तार खासकर मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्योगों को प्रधानता देते हुए उद्योग विभाग के लिए 486 करोड़ 31 लाख 61 हजार का उपबंध किया गया। इसके अलावे मुख्यमंत्री उज्जवल झारखण्ड योजना के तहत 500 करोड़ के बजट का प्रस्ताव,, 00 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली के लिए 5005 करोड़ 9 लाख रुपए का प्रस्ताव, ग्रामीण कार्य विभाग के लिए 4576 करोड़ 30 लाख 73000 का बजट प्रस्ताव।

साथ ही पथ निर्माण विभाग के लिए 5900 करोड़ 89 लाख 28 हजार रुपए का बजट, वन विभाग के लिए 1381 करोड़ 99 लाख 30 हजार रुपए का बजट पेश किया गया। इसके अलावे सिंचाई सुविधाओं और सिंचाई क्षमता के विस्तार के लिए 2257 करोड़ 45 लाख 55 हजार का बजट समेत जल संसाधन के लिए 779 करोड़ 20 लाख की योजना का प्रस्ताव भी निहित है। साथ ही ग्रामीण विकास के लिए 9841 करोड़ 41 लाख 61 हजार का बजट समेत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के तहत 12 करोड़ मानव दिवस रोजगार सृजित करने का लक्ष्य शामिल है। वहीं 118 गोदाम के निर्माण का कार्य प्रस्तावित है, जिस पर 259 करोड़ 52 लाख का बजटीय उपबंध., कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के लिए 4587 करोड़ 66 लाख 24 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है। बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 350 करोड़ का बजटीय उपबंध, 2025 -26 में झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन के तहत 1 लाख किसानों को अनुदान देने का प्रस्ताव। जिस पर 24 करोड़ 50 लाख रुपए बजट प्रस्तावित। वित्तीय वर्ष 2025-26 में दुग्ध उत्पादन का लक्ष्य 38 लाख 1000 मीट्रिक टन प्रस्तावित। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत करीब 4 लाख किसानों का ?200000 तक का ऋण माफ किया गया है., इस मद में कुल 769 करोड़ खर्च किया गया है. 2025-26 में जल निधि उप योजना के तहत 203 करोड़ 40 लाख रुपए के बजट का प्रस्ताव, कृषि यंत्रों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए 8400 लाभुकों के लिए 140 करोड़ के बजट का प्रस्ताव भी शामिल रहा। बजट में सामान्य क्षेत्र के लिए 37,884 करोड़ 36 लाख, सामाजिक क्षेत्र के लिए 62,840 करोड़ 45 लाख और आर्थिक क्षेत्र के लिए 44, 675 करोड़ 19 लाख का उपबंध किया गया है। वित्तमंत्री बजट पेशी के दौरान स्पष्ट किया कि बेहतर ऋण प्रबंधन पर सरकार का जोर है, सिंकिंग फंड में निवेश किया जा रहा है। अब तक 2283 करोड़ का निवेश हुआ है। इससे ऋण भुगतान किया जाता है।

## दोषियों पर कारवाई की मांग को ले स्वास्थ्य कर्मियों ने किया अनिश्चितकालीन हड़ताल

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ स्वास्थ्य विभाग के कर्मी सोमवार को स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मार-पीट में शामिल दोषियों पर कारवाई की मांग को ले सदर अस्पताल (सोनाजोड़ी) परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। वही बीते रविवार को भी दोषियों के खिलाफ कारवाई को ले पाकुड़ मुख्य सड़क पर रैली निकाला था। दरअसल पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा क्षेत्र के झेनागड़िया ग्रामीणों ने फाइलेरिया रोधी दवा सेवन करने के पश्चात सामान्य सिम्टम्स के चलते स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मार-पीट एवं अभद्र व्यवहार करने का आरोप स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा झेनागड़िया के ग्रामीणों पर लगाया गया था। जिसकी आवश्यक कारवाई अभी तक नहीं होने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों में नाराजगी जगजाहिर है। लगातार रैली और फिर हड़ताल/ धरना प्रदर्शन की



इश्यु कहीं ना कहीं स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सम्बन्धी अवयवों को प्रकट कर रही है कि स्वास्थ्य कर्मियों का सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की जरूरत है। ताकि स्वास्थ्य कर्मियों में एक सामान्य वातावरण की स्थिति बनी रहे और उपचार सम्बन्धी कार्यों/ ड्यूटी में स्वच्छता की अलख स्पष्ट रूप से प्रकट हो। जिला प्रशासन को इस दिशा में शायद आमलोगों में अवेयरनेस की मूल भावना को समायोजित करने की पहल करने होंगे। ताकि भविष्य में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बदसलूकी जैसे इश्यू दोबारा नहीं पनप सके। साथ ही आम जनों को भी समझना चाहिए कि डॉक्टर को भगवान का रूप माना जाता है, डॉक्टर सदा मरीजों को स्वास्थ्य उपचार कर स्वस्थ करने के फिराक में होते हैं जो दिन-रात आम जनों के सेवा में तत्परता दिखाते हुए अपनी ड्यूटी निभाते हैं। ऐसे में आम जनों को भी स्वस्थ कर्मियों का सहयोग करना चाहिए, ताकि बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था कायम हो सके।

## झामुमो के एजाजुल ईस्लाम बने पाकुड़ जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष बने हरिवंश चौबे एवं हाजी समाद अली





एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की केन्द्रीय समिति के द्वारा झारखण्ड राज्य के जिला पाकुड़, साहेबगंज व गोड्डा जिला के झामुमो इकाई का जिलाध्यक्ष/ उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष की सूची जारी कर दिया गया है । झामुमो के केन्द्रीय कार्यालय द्वारा जारी सूची के मुताबिक (1) एजाजुल इसलाम को झामुमो के पाकुड़ जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जबकि हरिवंश चौबे एवं हाजी समाद अली को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही झामुमो केन्द्रीय समिति ने माईकल मुर्मू को सचिव व बाबुधन मुर्मू को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है। वहीं झामुमो ने (2) अरुण कुमार सिंह को साहेबगंज जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है, जबकि मोजामिल हक एवं संजीव सामु हेम्ब्रम को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही सुरेश टुडू को सचिव व सुरेश साह को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है। वहीं झामुमो ने (3) प्रेमनंदन कुमार को गोड्डा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है, जबकि मुन्ना खुर्शीद को उपाध्यक्ष, बासुदेव सोरेन को सचिव व महेन्द्र उरांव को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं झामुमो के पाकुड़ इकाई ने एजाजुल ईस्लाम को पाकुड़ जिलाध्यक्ष मनोनीत करने पर खुशी व्यक्त किया।

### पार्टी के लिए मजबूत संगठन का होना जरूरी, सक्रिय सदस्यता के

# साथ विभिन्न स्तरों पर कमेटी का होगा गठन- कमलेश



एनपीटी ब्यूरो

पलामू (झा०खं०), भाजपा के वरिष्ठ नेता सह- पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद स्थित अपने आवास पर संगठनात्मक चुनाव को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सोमवार को बैठक किया। बैठक में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारियो शामिल हुए। बैठक में पूर्व विधायक सिंह ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार संगठन पर्व सदस्यता अभियान को लेकर पलामू जिले में भी सक्रिय सदस्यता बनाने का कार्य अग्रसर है। प्रदेश के निर्देशानुसार मार्च महीने में ही संगठन के बूथ, मंडल एवं जिला स्तरीय चुनाव कराना तय किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकांश मंडलों में बूथ कमेटी बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। जबकि बूथ कमेटी मंडल अध्यक्ष का चुनाव करेगी इसके बाद जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि बूथ कमेटी मे कम से कम तीन महिलाओं एवं सभी वर्गों की भागीदारी का होना अनिवार्य है। सभी कार्यकर्ता सक्रियता के साथ निर्धारित समय में ही बूथ एवं मंडल मे चुनाव संपन्न कराने को लेकर तत्परता के साथ जुट जाएं।युवा नेता योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि संगठनात्मक चुनाव पारदर्शित तरीके से नियम संगत एवं निर्धारित समय में होना जरूरी है। निष्ठावान एवं कर्तव्यनिष्ठ सक्रिय कार्यकर्ता को जवाबदेही मिले व संगठन मजबूत एवं धारदार हो। बैठक में अजित सिंह, रामप्रवेह सिंह, अखिलेश मेहता, उदय विश्वकर्मा, रंजीत पासवान, विनय पासवान ,विनय पासवान,अजय गुप्ता,चंदन सिंह, सतीश शर्मा, संजय सिंह ,रामचंद्र चौधरी, ओमप्रकाश राजवंशी, लालमुनि सिंह, माधव विश्वकर्मा, रामवृक्ष पासवान ,वीरेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह,महेंद्र सिंह,विजय ठाकुर, प्रमोद प्रजापति ,गुडु पाल ,घूरा पाल, धनंजय सिंह, सिलोक सिंह,अमर चौहान,अनिल सिंह,लालू यादव,विनोद चौधरी,अश्विनी पांडे,बृजदेव मेहता व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## अपूर्ण योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करें- डीसी



एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सांसद एवं विधायक निधि योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त मनीष कुमार ने सांसद योजना एवं विधायक योजना मद में लंबित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा लंबित विपत्र पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि उक्त सभी फंड विकास कार्यों के क्रियान्वयन से जुड़ी हैं। उपायुक्त ने योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए लोगों तक लाभ पहुंचाई जाए। विधायक निधि एवं सांसद निधि अन्तर्गत पूर्ण हुए कार्यों की यूटिलाइजेशन सार्टिफिकेट जल्द से जल्द जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी समेत व अन्य उपस्थित थे।

## डीसी - एसपी ने किया मंडलकारा का औचक निरीक्षण



एनपीटी ब्यूरो, उपायुक्त सह- जिला दंडाधिकारी मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मंडलाकारा पाकुड़ का औचक निरीक्षण किया। इसके अलावे मंडलकारा में लगे सीसीटीवी फुटेज, विजिटर रजिस्टर, कारा परिसर की भी जांच की गई, जिसमें किसी भी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान जेल के अन्दर नही पाई गई। साथ ही कैदियों की तलाशी में नहीं कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

## जंगल में अवैध कटाई पर वन विभाग की कारवाई, 21 पीस सखुआ बोटा जब्त

एनपीटी ब्यूरो

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला के बारियातू वन क्षेत्र अन्तर्गत मतकोमा जंगल मे वन विभाग ने छापामारी अभियान चलाकर 21 पीस सखुआ के बोटा जब्त किए हैं। इस कारवाई से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मच गया है। बालूमाथ वन क्षेत्र में अवैध रूप से की जा रही पेड़ों की कटाई की गुप्त सूचना लातेहार डीएफओ को मिली थी। सूचना के आधार पर बालूमाथ रेंजर नंद कुमार मेहता के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। अभियान के दौरान माफियाओं द्वारा जंगल में छुपाकर रखे गए 21 पीस सखुआ के बोटा बरामद किए गए। इस संबंध में प्रभारी फोरेस्टर मंगल सिंह ने बताया, वन विभाग को सूचना मिली थी कि मतकोमा जंगल में अवैध रूप से लकड़ियों की कटाई कर तस्करी की जा रही है। इसी आधार पर टीम बनाकर छापामारी की गई, जहां जंगल में छुपाकर रखे गए 21 पीस सखुआ के बोटा बरामद किए गए।

जब्त लकड़ियों को बारियातू वन कार्यालय लाया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। उन्होंने आगे कहा कि अवैध कटाई और लकड़ी तस्करी के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वन विभाग की इस कारवाई से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## कदाचारमुक्त परीक्षा संचलन को ले परीक्षा केन्द्र का लिया जायजा, दिया जरूरी निर्देश

एनपीटी ब्यूरो

झारखण्ड अधिविद परिषद, रांची (जैक) द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के शान्तिपूर्ण और कदाचार मुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन कटिबद्ध है। पदाधिकारियों के द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार के द्वारा के० के० एम कॉलेज में मैट्रिक परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने केन्द्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी का जायजा लिया। साथ ही केन्द्राधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा सम्पन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा संचालित करने की बात कही।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को ले पीडीजे ने की अहम बैठक

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर आगामी 8 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह की अध्यक्षता में भूमि अधिग्रहण, राजस्व मामलों से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ पीडीजे कक्ष में अहम बैठक की गई। उक्त बैठक में उपस्थित विभागों के अधिकारियों को सम्बन्धित मामलों में अधिक संख्या में पक्षकारों को लाभ पहुंचाने को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दी गई। साथ ही



मामलों को अधिक संख्या में निष्पादन करने को लेकर कई पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव अजय कुमार गुड़िया, संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जेल के कैदियों को प्रशासन बना रही हुनरमंद, आजीविका के

# मुख्यधारा से जुड़ने के कवायद तेज

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सोमवार को मंडलकारा पाकुड़ के बंदियों का प्रोजेक्ट परिवर्तन के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत 13 दिवसीय सर्फ, साबुन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला अग्रणी प्रबंधक धनेश्वर बेसरा, मंडलकारापाल दिलीप कुमार और वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्धन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने बंदियों को कौशल प्रशिक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का अधिकाधिक लाभ प्राप्त




कर कैदियों को स्वावलंबी बनाकर मुख्यधारा से जोड़ा जायेगा। वर्तमान समय में हुनरमंद होना नितांत आवश्यक है। जेल से बाहर निकलने पर अपना हुनर का उपयोग कर स्वालंबी बन सकते हैं। पाकुड़ जिला की युवाओं और सखी मंडल की महिलाएं स्वरोजगार कर अच्छी आय प्राप्त कर रही हैं। उपायुक्त ने जेल में विभिन्न कौशल प्रशिक्षण को लगातार संचालित करने के लिए आरसेटी पाकुड़ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार* ने कहा कि कैदी कौशल प्रशिक्षण को प्राप्त कर अपना हुनर का विकास करें। उन्होंने विपणन की असीम संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज में अच्छे कार्यों की असीम संभावनाएं हैं और इन्हें भी सजा समाप्ति के बाद मुख्यधारा से जुड़ने का पूरा अधिकार है। जिला अग्रणी प्रबंधक धनेश्वर बेसरा एवं मंडलकारापाल दिलीप कुमार ने सभी बंदियों को शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्धन ने बंदियों को शुभकामनाएं देते हुए स्वरोजगार करने की सलाह दी। जीवन स्तर को सुधार करने में प्रशिक्षण के महत्त्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लाभुकों को इस प्रशिक्षण के साथ साथ विपणन, उद्यमी योग्यता, समय प्रबंधन, वित्तीय समावेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंकिंग एवं बीमा आदि से सम्बन्धित जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम में संकाय वापी दास, कार्यालय सहायक मोतीलाल साहा मौजूद रहे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एसजीयू स्पर्धा वार्षिक खेल महोत्सव-2025 का भव्य समापन





**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एसजीयू स्पर्धा वार्षिक खेल महोत्सव-2025 का भव्य समापन हुआ। इस तीन दिवसीय खेल आयोजन में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र नाथ तिवारी (उपायुक्त पुलिस, गाजियाबाद देहात) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और खिलाड़ियों को अनुशासन व समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक * संदीप सिंह (प्रॉक्टर, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी)* रहे। इस अवसर पर कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कुलपति डॉ. प्रसेनजीत कुमार और प्रो-वाइस चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव (आईजी रिटायर्ड) ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कबड्डी (बालक वर्ग) में एचएलएम कॉलेज, गाजियाबाद विजेता और एसडीजीआई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस उपविजेता रहे। कबड्डी (बालिका वर्ग) में राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज विजेता और एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी उपविजेता रही । टग ऑफ वॉर (बालक वर्ग) में एसडीजीआई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस विजेता और एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी उपविजेता रहे। टग ऑफ वॉर (बालिका वर्ग) में एसडीजीआई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस विजेता और एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी उपविजेता रही। फुटबॉल (बालक वर्ग) में एमिटी यूनिवर्सिटी विजेता और जीआईएमएस नोएडा उपविजेता रहे। फुटबॉल (बालिका वर्ग) में एमिटी यूनिवर्सिटी विजेता और एसडीजीआई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस उपविजेता रहे। वॉलीबॉल (बालक वर्ग) में आईएमएस नोएडा विजेता और एसडीजीआई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस उपविजेता रहे। वॉलीबॉल (बालिका वर्ग) में आईआईएलएम यूनिवर्सिटी विजेता और एसडीजीआई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस उपविजेता रही।

डिस्कस थ्रो (बालक वर्ग) में विषु राठी (एसडी कॉलेज, गाजियाबाद) प्रथम और अश्विनी कुमार (एबीईएसआईटी, गाजियाबाद) द्वितीय स्थान पर रहे। डिस्कस थ्रो (बालिका वर्ग) में किस्मत चौधरी (आरसीसीवी) प्रथम और हिमांसी राठी (आरसीसीवी) द्वितीय स्थान पर रहीं। लॉन्ग जंप (बालक वर्ग) में विकास भाटी (सीसीएस यूनिवर्सिटी कैंपस) प्रथम और आर्यन त्यागी (एसडीजीआई) द्वितीय स्थान पर रहे। लॉन्ग जंप (बालिका वर्ग) में प्रगति मौर्य (सीसीएस यूनिवर्सिटी कैंपस) प्रथम और मेहक चौधरी (एसडीसीएमटी, एसडीजीआई) द्वितीय स्थान पर रहीं। हाई जंप (बालक वर्ग) में अनिकेत पंघाल (एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी) प्रथम और फहीजीम अहमद (रॉयल कॉलेज) द्वितीय स्थान पर रहे। हाई जंप (बालिका वर्ग) में मेहक (एसडीजीआई) प्रथम और सोनी शर्मा (आरकेजीआईटी) द्वितीय स्थान पर रहीं। शॉट पुट (बालक वर्ग) में मनु कंसल (एशियन बिजनेस स्कूल) प्रथम और अश्विनी कुमार (एबीईएसआईटी) द्वितीय स्थान पर रहे। शॉट पुट (बालिका वर्ग) में मोहिनी जोशी (एबीईएसईसी) प्रथम और आयुषी चौधरी (आरसीसीवी) द्वितीय स्थान पर रहीं।कुलपति डॉ. प्रसेनजीत कुमार ने छात्रों को खेलों के महत्व को समझाते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं। प्रो-वाइस चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव (आईजी रिटायर्ड) ने खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अवधेश प्रताप सिंह (प्रधानाचार्य, एसडीसीईआई), रिंकू चौधरी (खेल समन्वयक), निखिल कुमार निगम (प्रधानाचार्य, स्कूल ऑफ पॉलिटेक्निक) और सभी खेल समन्वयकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने इस आयोजन के माध्यम से अपनी खेल संस्कृति को और अधिक सशक्त किया और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा और खेलों को समान महत्व देना और छात्रों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है

# एमआईईटी में जैव प्रौद्योगिकी और माइक्रोबायोलॉजी विशेषज्ञता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मेरठ। एमआईईटी के बायोटेक्नोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 1 मार्च से 31 मार्च 2025 तक एक माह का विंटर ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. पंकज चौहान (सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ) ने संस्थान निदेशक डॉ. एस. के. सिंह, डीन एकेडेमिक्स डॉ. संजीव सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश के साथ सरस्वती वंदना के पश्चात दीप प्रज्वलित कर किया।

उद्घाटन अवसर पर प्रो. चौहान ने प्लांट बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नवीन अनुसंधान और उद्योग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए छात्रों को उपयोगी व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रिन्नी सहरावत एवं डॉ. सुमन पहल ने किया, जबकि समन्वयक की भूमिका डॉ. सोनिया शर्मा और डॉ. दिव्या चौधरी ने निभाई।

इस प्रशिक्षण में डॉ. दिव्या चौधरी, डॉ. रेखा यादव, डॉ. रजनी त्यागी, डॉ. रॉबिन पुंडीर, डॉ. सुमन पहल और डॉ. चांदनी शर्मा प्रशिक्षक के रूप में छात्रों को जैव प्रौद्योगिकी, इम्यूनोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और जैव सूचना विज्ञान से संबंधित उपकरणों एवं तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेंगे। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम छात्रों को सीखने के नए अवसर प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में डॉ. दिव्या चौधरी, डॉ. सोनिया शर्मा, डॉ. रेखा यादव, डॉ. सुमन पहल, डॉ. रिन्नी सहरावत, डॉ. रजनी त्यागी, डॉ. चांदनी वर्मा, डॉ. सुबीर बोस, डॉ. शिप्रा चौधरी और डॉ. अंजलि राठी समेत माइक्रोबायोलॉजी एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# पार्टी में बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी: मनीषा अहलावत

## राखी संधू बनी महिला सभा की महानगर अध्यक्ष



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में राष्ट्रीय लोकदल की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत के द्वारा राखी संधू को गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इस मौके पर मनीषा अहलावत ने बताया बड़ी संख्या में महिलाएं राष्ट्रीय लोकदल से जुड़ रही हैं और राष्ट्रीय लोकदल ने पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी सभी अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। जिससे महिलाओं की भागीदारी पार्टी में बढ़ेगी और पार्टी का बड़े स्तर पर विस्तार होगा। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने किया। इस अवसर पर महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत, नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष राखी संधू , जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी, महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुमन चौधरी, चौधरी तेजपाल सिंह, सरदार इंदरजीत सिंह टीटू , अजय वीर एडवोकेट, सत्येंद्र तोमर, रविंदर चौहान, अजय प्रमुख, हिमांशु नागर, वंदना चौधरी, निशा चौधरी, डॉक्टर पूनम गर्ग, भावना, जयदीप पतला ,सीमा गुप्ता, संध्या सैनी, आरती, अजीत खंजरपुर, पिंकी, रश्मि, प्रियंका, सीमा गुप्ता, राशि, अमरीश आदि उपस्थित रहे।

# रमते राम रोड से मालीवाडा चौक तक अवैध अतिक्रमण पर चला निगम का अभियान, व्यापारियों ने किया सहयोग

## सिटी जोन अंतर्गत अतिक्रमण हटाने हेतु चला निगम का बुलडोजर, 3 लाख की हुई वसूली



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार सिटी जोन अंतर्गत रमते राम रोड से लेकर मालीवाडा चौक तक अवैध अतिक्रमण हटाने का बृहद अभियान गाजियाबाद नगर निगम द्वारा चलाया गया मौके पर जोनल प्रभारी महेंद्र तथा अन्य टीम रही पुलिस विभाग द्वारा सहयोग किया गया, व्यापारियों द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम के इतिहास में 35 साल बाद ऐसा बड़ा अभियान चला है जिसके क्रम में मालीवाडा जैसे अवरुद्ध एरिया में बुलडोजर के माध्यम से अवैध अतिक्रमण हटाया गया है'

जोनल प्रभारी द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर सिटी जोन मालीवाडा क्षेत्र में अभियान चलाया गया काफी समय से नालों पर हुए अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हो रही थी जिसका संज्ञान लेते हुए अभियान चलाया गया मौके पर व्यापारियों द्वारा भी सहयोग किया गया आवागमन सरल बनाया गया अवैधतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई स्थाई अतिक्रमण को बुलडोजर के माध्यम से हटवाया गया, लगभग 3 लाख की वसूली भी की गई है निगम की टीम द्वारा खींची गई पीली पट्टी की सीमा में मोबाइल के रूप में रहरी पटरी ठेला लगाने के लिए अपील की गई है आवागमन बाधित न हो विशेष ध्यान रखने के लिए जन-जन को जागरूक किया जा रहा है'

लगभग सवा मीटर तक मार्गो को खाली करते हुए मालीवाडा चौक पर अभियान चलाया गया समय-समय पर सभी जोन अंतर्गत इसी क्रम में अभियान चलाने के लिए नगर आयुक्त द्वारा टीम को निर्देशित किया गया है, मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी उपस्थित रही जिनके द्वारा चालान की कार्यवाही की गई, वसुंधरा की टीम भी मौके पर रही '

# संगठन विस्तार




**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक ने संगठन विस्तार करते हुए युवा मंडल अध्यक्ष मेरठ प्रिंस चौधरी जी के नेतृत्व में लोगों को नियुक्ति पत्र देकर सदस्यता ग्रहण कराई जिसमें उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी गाजियाबाद जिला प्रभारी कुलदीप चौधरी गाजियाबाद जिला कोषाध्यक्ष राजू चौधरी गाजियाबाद हम आशा करते हैं कि जुड़े हुए सभी भाई संगठन का विस्तार करने का काम करेंगे जय जवान जय किसान

# गर्ग ने सार्वजनिक की लोहागढ़ में लोगों को दिए गए नोटिस की कॉपी, जूली बोले- तानाशाही की हद है

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

जयपुर ।लोहागढ़ फोर्ट में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के जिस मामले में झूठ बोलने का आरोप लगाकर सरकार विधायक सुभाष गर्ग के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाई है, गर्ग ने उसी मामले में नोटिस की कॉपी सार्वजनिक की।

विधानसभा में सोमवार को सरकारी मुख्य सचेतक ने आरएलडी विधायक सुभाष गर्ग पर सदन में गलत तथ्य पेश करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश कर दिया। इसके बाद स्पीकर ने ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर उसे विशेषाधिकार हनन समिति को रैफर कर दिया। गर्ग ने इस प्रस्ताव को रखते हुए कहा था कि गर्ग ने सदन में झूठ बोला है कि लोहागढ़ फोर्ट में लोगों को धमकाया जा रहा है और प्रशासन की तरफ से वहां रहने वाले लोगों को अतिक्रमी बताकर नोटिस दिए जा रहे हैं, जबकि प्रशासन की तरफ से ऐसा कोई नोटिस नहीं दिया गया। फोर्ट के बाहर रहने वाले 22 लोगों को ही नोटिस दिए गए हैं।

# कोटा केयर्स अभियान से जुड़ी ऑटो यूनियंस, किराया और सेवाओं के लिए बनाए नए नियम

कोटा- इस पहल के तहत ऑटो चालकों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों के स्टीकर्स तैयार किए जाएंगे, जो 10,000 से अधिक ऑटो पर लगाए जाएंगे। यह कदम कोटा में रह रहे 1.25 लाख स्टूडेंट्स के लिए बेहतर परिवहन सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।शिक्षा नगरी कोटा में हॉस्टल एसोसिएशन्स के सिक्योरिटी और कॉशन मनी नहीं लेने की घोषणा के बाद अब ऑटो यूनियंस कोटा केयर्स अभियान से जुड़ी हैं। 10 हजार से अधिक ऑटो चालकों का प्रतिनिधित्व करने वाले ऑटो यूनियन के प्रतिनिधि अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल सिंघल से मिले और उन्हें शहर में ऑटो यात्रा के संबंध में अपने सुझाव व निर्णयों से अवगत करवाया। इसमें मुख्य रूप से ऑटो यूनियन द्वारा प्रति किलोमीटर अधिकतम 20 रुपये किराया, वेटिंग चार्जेज 50 रुपये प्रति घंटा के साथ-साथ ऑटो चालकों को गेटकीपर और बिहेवियर ट्रेनिंग दिया जाना शामिल है। कोटा केयर्स अभियान के तहत ऑटो चालकों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश के स्टीकर्स तैयार किए जाएंगे, जिन्हें कोटा स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी के सहयोग एवं ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के माध्यम से शहर के करीब 10 हजार से अधिक ऑटो पर चस्पा किया जाएगा।

# पोद्दार नर्सिंग होम में एस्थेटिक रिजेनरेटिव गायनी की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। पोद्दार नर्सिंग होम गाजियाबाद ने बोर्ज हैगार जर्मनी के सहयोग से 1 व 2 मार्च को एस्थेटिक रिजेनरेटिव गायनी की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह आयोजन आईएमए भवन एवं पोद्दार नर्सिंग होम गाजियाबाद में आयोजन किया गया।



इसमें मुख्य वक्ता के रूप में आगरा से सुप्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय वक्ता डॉ नरेंद्र मल्होत्रा, लखनऊ की जानी मानी एस्थेटिक गायनी स्पेशलिस्ट डॉ पूनम मिश्रा एवं पोद्दार नर्सिंग होम गाजियाबाद की गायनी लैप्रोस्कोपिक एवं एस्थेटिक रिजेनरेटिव गायनी सर्जन डॉ नेहा पोद्दार सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ नरेंद्र मल्होत्रा ने गायनी की नई ब्रांच ' एस्थेटिक एंड रिजेनरेटिव गायनेकोलॉजी' के विश्व में हो रहे लेटेस्ट डेवलपमेंट्स के बारे में बताया और एंटी एजिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डॉ पूनम मिश्रा ने पीआरपी तकनीक के फायदे और उपयोग एवं बोटॉक्स इंजेक्शन द्वारा वेजाइनल पेन की प्रॉब्लम्स को हल करना सिखाया।

डॉ नेहा पोद्दार ने लेजर द्वारा वेजाइनल टाइटनिंग एवं लेजर द्वारा सभी गायनी सर्जरीज का विस्तार किया। उन्होंने मेनोपॉज रिलेटेड वेजाइनल प्रॉब्लम्स का लेजर द्वारा ट्रीटमेंट भी बताया।

इसमें भारत के अलग अलग राज्यों से आए गायनी डॉक्टर्स (हैदराबाद की डॉ तनुजा, चिन्नई की डॉ चगम सन्ध्या रानी, बंगलौर की डॉ विष्णु वंदना, जयपुर, हल्द्वानी, आगरा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, शाहजहांपुर एवं गाजियाबाद) ने सुबह से शाम तक की कार्यशाला में दो दिन तक ट्रेनिंग ली एवं पोद्दार नर्सिंग होम जाकर 'लेजर वेजाइनल टाइटनिंग' एवं पीआरपी द्वारा जी शॉट, ओ शॉट प्रक्रिया का उपयोग भी देखा।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।